हरिभूमि
रायपुर भूमि



हरिभूमि सरोकार

# टमाटर ने पहले ग्राहकों को रुलाया, अब किसानों को, उत्पादन लागत 7 रुपए, मिल रहे चार रुपए

■ बंपर उत्पादन से टमाटर धड़ाम थोक में 6-7 रुपए एवं चिल्हर में 10-15 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टमाटर के बंपर उत्पादन से थोक एवं चिल्हर में इसकी कीमत में भारी गिरावट आई है। टमाटर थोक में जहां 6 से 7 रुपए किलो है, वहीं चिल्हर में 15 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। टमाटर की कीमत में आई इस गिरावट से किसानों को इसकी फसल से मुनाफे की जगह नुकसान होने लगा है। टमाटर की फसल ⏭ शेष पेज 13 पर

**तीन से चार गुना बढ़ी आवक**

धान की फसलों की कटाई के साथ अब लोकल सब्जियों की फसल का उत्पादन शुरू हो चुका है। छत्तीसगढ़ में पिछले सप्ताहभर में सबसे ज्यादा टमाटर की फसल की तोड़ाई हुई है, जिसके कारण मंडियों में टमाटर की बंपर आवक हो रही है। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि मंडी में टमाटर की बंपर आवक से कीमत में ⏭ शेष पेज 13 पर

### बिचौलिए उठा रहे फायदा

किसान योगेश सोनकर ने बताया कि टमाटर की कीमत में आई भारी गिरावट से उसे भी नुकसान हो रहा है। मौसम खराब होने से टमाटर की फसलों को नुकसान होता है। इस कारण सभी किसान भी टमाटर की तोड़ाई का काम तेजी से करा रहे हैं, जिसके कारण टमाटर की कीमत मंडी में अच्छी नहीं मिल पा रही है। हालांकि कई बिचौलिए भी इसका फायदा उठा ⏭ शेष पेज 13 पर

**केस 1**

टमाटर का उत्पादन करने वाले किसान आकाश खोदियार ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से टमाटर की फसल लगाते आ रहे हैं। उसकी 25 एकड़ दुर्ग और 25 एकड़ महासमुंद में खेती है। इन दोनों जगह टमाटर की फसल लगी हुई है, जिसकी तोड़ाई का काम वह करा रहा है। किसान ने बताया कि टमाटर की फसल लगाने से लेकर उसकी देखकर व तोड़ाई की लागत तक खर्च की बात करें तो एक किलो के पीछे करीब 6 से 7 रुपए की लागत लग जाती है। यह लागत भी अब निकल नहीं पा रही है, क्योंकि थोक बाजार वाले उनसे 4 रुपए किलो में टमाटर खरीद रहे हैं।

**केस 2**

भाठागांव निवासी किसान ललित सोनकर ने बताया टमाटर की कीमत आई भारी गिरावट से किसान की मेहनत और पूंजी दोनों को नुकसान हो रहा है। टमाटर के उत्पादन में उसने जितनी पूंजी लगाई है वो तक निकल नहीं पा रही है, वहीं उत्पादन के दौरान जितनी मेहनत की वह भी बेकार चली गई।

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम पर लाइव धमकी, बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर**। डीडीनगर थाना क्षेत्र के बदमाश पराग बरछा को पुलिस ने इंस्टाग्राम पर लाइव धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाश इंस्टाग्राम पर नाबालिग लड़कियों को किसी दूसरे लड़कों के साथ बात करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज कर रहा था। साथ ही लड़कियों को लारेंस विश्नोई का नाम लेकर कह रहा था कि पुलिस भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। इसी दौरान इंस्टाग्राम लाइव की किसी ने रिकार्डिंग कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। नाबालिगों को लाइव धमकी देने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए पराग को गिरफ्तार किया।

### पूर्व मंत्री लखमा बेटे के साथ नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय

**रायपुर**। दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा उनके बेटे हरीश लखमा सहित अन्य लोगों को ईडी कार्यालय में बयान दर्ज कराने समंस जारी किया था। इसके बावजूद पूर्व आबकारी मंत्री अपने बेटे के साथ बयान दर्ज कराने ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को ईडी ने कवासी लखमा, उनके बेटे सहित अन्य लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में ईडी टीम कवासी लखमा तथा उनके बेटे के मोबाइल जब्त कर अपने साथ ले आई थी। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने कवासी लखमा तथा उनके बेटे के मोबाइल को डीकोड कर लिया है।

### बकरी की बेरहमी से हत्या का वीडियो वायरल

**रायपुर**। गोकुल नगर में एक युवक द्वारा बकरियों के बाड़े में घुसकर एक बकरी पर ईंट, पत्थर से हमला करने तथा गला घोंटकर जान लेने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में युवक जब बकरी के सिर और मुंह पर पत्थर से हमला कर रहा था, उस दौरान बाड़े में मौजूद अन्य बकरियों को मिमियाते देखा गया। युवक ने गला घोंटकर बकरी को मारा और वहां से फरार हो गया तो बाड़े में मौजूद अन्य बकरियां मृत बकरी के पास झुंड में दिखीं।

प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं 161 महाविद्यालय

# भवन एक और कॉलेज दो! किसी ने प्राइवेट स्कूल से उधार मांगे कमरे तो कहीं स्कूली बच्चों संग पढ़ाई

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कल्पना कीजिए एक ऐसे शैक्षणिक संस्थान का, जहां भवन तो एक है लेकिन महाविद्यालय दो है। अर्थात एक ही बिल्डिंग में दो महाविद्यालयों का संचालन हो रहा है। चौंकिए मत, यह स्थिति किसी ग्रामीण अंचल अथवा दूरस्थ क्षेत्र के महाविद्यालय की नहीं बल्कि राजधानी रायपुर की है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि से कुछ कदमों की दूरी पर स्थिति संस्कृत महाविद्यालय के भवन में संस्कृत कॉलेज के साथ ही शासकीय महाविद्यालय गुढ़ियारी का भी संचालन हो रहा है।

यह जिले का एकलौत महाविद्यालय नहीं है, जिसके पास अपना भवन ना हो। इसके अलावा अमलीडीह, माना और भाठागांव के शासकीय महाविद्यालय भी किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। इनमें से किसी ने सरकारी स्कूल में पनाह ली है तो किसी को सरकारी भवन भी नसीब नहीं हो सका और मजबूरी में प्राइवेट स्कूल से उधार में कमरे मांगने पड़े। शासन ने छात्रों की मांग ⏭ शेष पेज 13 पर

**इनमें से 67 शासकीय व 94 प्राइवेट, 10% सरकारी कॉलेज के पास अपनी बिल्डिंग नहीं**




**केस 1**

### शोर के बीच पढ़ाई

भाठागांव स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के मध्य कॉलेज छात्र अध्ययनरत हैं। यह स्थिति आज से नहीं बल्कि कोरोनाकाल से है। भाठागांव में नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन भवन नहीं ⏭ शेष पेज 13 पर

**केस 2**

### नहीं मिल सका सरकारी भवन

लंबे समय से रहवासियों द्वारा किए जा रहे मांग के आधार पर माना में शासकीय महाविद्यालय तो खोल दिया गया, लेकिन इसे भी अपनी जमीन नसीब नहीं हो सकी। माना स्थित एक निजी विद्यालय के कुछ कक्ष किराए पर लिए गए हैं, जहां इस ⏭ शेष पेज 13 पर

**केस 3**

### पहले स्कूल फिर दूसरे कॉलेज में शरण

गुढ़ियारी में प्रारंभ किए गए शासकीय महाविद्यालय की स्थिति जिले में सर्वाधिक खराब है। पहले तो इसे गुढ़ियारी के शासकीय विद्यालय में संचालित किया गया और अब कुछ माह पूर्व ही इसे ⏭ शेष पेज 13 पर

**केस 4**

### आवंटित भूमि पर विवाद

अमलीडीह में भी बीते सत्र नया शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ किया गया। शुरुआत से लेकर अब तक इसे शासकीय विद्यालय में संचालित किया जा रहा है। संसाधनों के अभाव में जैसे-तैसे ⏭ शेष पेज 13 पर




### गरियाबंद और भंवरपुर में भी भवन नहीं

रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों की संख्या 161 है। इनमें से शासकीय महाविद्यालयों की संख्या 67 है। वहीं निजी महाविद्यालय 94 है। गरियाबंद और भंवरपुर में भी नवीन शासकीय महाविद्यालय हाल के सत्रों में खोले गए हैं। इनके पास भी अपने भवन नहीं हैं। इस तरह से रविवि से संबद्ध 10% शासकीय महाविद्यालयों के पास अपना भवन नहीं है।

# पांच दिनों के बाद फिर चढ़ेगा पारा, फिलहाल छाएगा कोहरा

■ 4 जनवरी तक शुष्क रहेगा मौसम, इसके बाद पुन: बदली-बारिश की संभावना

**आज से आने वाले 2-3 दिनों तक तापमान में होगी कमी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीते कुछ दिनों से ठंड से मिली राहत के बाद मंगलवार से न्यूनतम तापमान में फिर से कमी आएगी। आने वाले 2 से 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 4 से 5 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। कुछ स्थानों में तापमान में 8 डिग्री तक गिरावट संभावित है। आने वाले पांच दिनों तक प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद 4 जनवरी से प्रदेश में पुनः बदली-बारिश के हालात निर्मित होंगे। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव प्रदेश में बढ़ जाएगा, जिसके चलते यह स्थिति निर्मित होगी। 4 जनवरी से न्यूनतम तापमान में फिर से वृद्धि का दौर शुरू होने की संभावना है।

### सरगुजा संभाग में कुहासा

उत्तर छत्तीसगढ़ में एक जनवरी से कुछ पैकेट में शीतलहर चल सकती है। सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में एक जनवरी से प्रातःकाल हल्के से मध्यम कुहासा बनने की संभावना है। प्रातःकाल मार्गों में दृश्यता कम रहेगी। सरगुजा संभाग के इतर राजधानी रायपुर में भी सुबह के समय धुंध अथवा हल्का कोहरा छाया रहेगा। गुरुवार को प्रदेश में 31.9 डिग्री के साथ बीजापुर सर्वाधिक गर्म रहा।

कंपनी कमांडर सुसाइड मामला

# अफसर पर आरोप, शव के साथ ओवरब्रिज के नीचे खड़े रहे परिजन

■ परिजनों ने अनिल के साथ 27 दिसंबर को मारपीट करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पीएचक्यू की सुरक्षा में तैनात कंपनी कमांडर अनिल गहरवार सुसाइड मामले में परिजनों ने सीएएफ के एक अधिकारी के खिलाफ मारपीट के साथ प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के अनुसार, अनिल सिंह के साथ उनके एक विभागीय अधिकारी तथा उनसे छोटे रैंक के अफसर ने 27 दिसंबर को मारपीट की थी, जिसकी अनिल ने विभागीय अफसरों के अलावा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। मारपीट करने ⏭ शेष पेज 13 पर



### नहीं की थी शिकायत

अनिल सिंह ने राखी थाने में मारपीट जैसी कोई शिकायत नहीं की थी। परिजनों के आरोप बेबुनियाद हैं। - **कीर्तन राठौर**, एएसपी ग्रामीण

### ...इसलिए परेशान करने का आरोप

मृतक कंपनी कमांडर के भतीजे ने जिस जूनियर तथा सीनियर अफसर पर अपने चाचा को परेशान करने का आरोप लगाया है, उसकी वजह अनिल सिंह द्वारा कम समय में नक्सल क्षेत्र में बेहतर काम कर अपने काबिलियत के दम पर आरक्षक से कंपनी कमांडर तक पहुंचना बताया है। मृतक के भतीजे के अनुसार, उनके चाचा को अभी डीएसपी के पद पर प्रमोशन मिलना था। इससे कुछ लोगों को द्वेष था।






### नशीली टेबलेट जब्त दो युवक गिरफ्तार




**रायपुर**। राजेंद्र नगर पुलिस के साथ ही एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने आरडीए कॉलोनी में दो युवक के कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की है। पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ प्रेम बघेल तथा मोवा निवासी किशोर हरपाल को गिरफ्तार किया है।

### लात-घूंसे मारकर पोते ने की दादी की हत्या

**रायपुर**। भनपुरी में एक युवक ने अपनी दादी की लात, घूंसों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस में घटना की शिकायत मृतका की बेटी ने दर्ज कराई है। अनिता यादव ने पुलिस को बताया कि उसके भतीजे प्रेम का अपनी दादी भूरी बाई के साथ किसी बात को लेकर एक माह पूर्व विवाद हो गया था। 1 नवंबर को प्रेम ने अपनी दादी को कमरे में बंद कर उसके साथ जमकर मारपीट की। परिजन घरेलू मामला मानकर घर पर ही इलाज कर रहे थे। पर्याप्त उपचार नहीं मिलने से भूरी की 3 नवंबर को मौत हो गई।




# महाराष्ट्र की अरहर दाल की यहां कमी, रेट टूटने के डर से कारोबारी मंगा रहे कम स्टॉक

## छत्तीसगढ़ में महाराष्ट्र से आती है ज्यादा दाल, नई फसल के कारण दाम 20 रुपए गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में इस समय अरहर दाल का टोटा हो गया है। इसके पीछे कारण यह है कि अपने राज्य में अरहर दाल महाराष्ट्र और कर्नाटक से आती है। सबसे ज्यादा दाल महाराष्ट्र से मंगाई जाती है। वहां दाल की नई फसल आने के कारण इसका यहां पर रेट 20 रुपए टूट गया है। ऐसे में अभी थोक दाल बेचने वाले कारोबारी कम माल खरीद रहे हैं, इसलिए दाल मिल कारोबारी भी स्टॉक कम मंगा रहे हैं। 15 जनवरी के बाद रेट का पता चलेगा, तब जाकर आवक में इजाफा होगा। इसके बाद ही बाजार में भरपूर स्टॉक आएगा। प्रदेश में सबसे ज्यादा अरहर की दाल ही बिकती है। इसका उपयोग अमूमन हर घर में होता है। साथ ही इसका उपयोग सभी रेस्टोरेंट, ढाबों भी किया जाता है। अपने राज्य में बड़ी संख्या में दाल मिलें हैं। दाल मिल कारोबारी ज्यादातर महाराष्ट्र से अरहर दाल का कच्चा माल मंगाते हैं और यहां पर दाल अलग-अलग प्रकार की तैयार कर बेची जाती है। दाल को पॉलिश कर भी बेचा जाता है, लेकिन आमतौर बिना पॉलिश वाली दाल की ज्यादा डिमांड नहीं रहती। बड़े दाने वाली दाल की डिमांड ज्यादा होती है। और यह दाल महाराष्ट्र से आती है। छोटे दाने वाली दाल को कम पसंद किया जाता है, हालांकि इसका रेट कम रहता है, लेकिन इसको पकाने में परेशानी होती है, इसलिए ग्राहक इससे परहेज करते हैं। इस दाल का उपयोग गरीब तबका ज्यादा करता है।



### नई फसल से परेशानी

बाजार में इस समय अरहर दाल की नई फसल आने के कारण परेशानी हो रही है। कारोबारियों के मुताबिक, इस समय कर्नाटक से ज्यादा माल आ रहा है। महाराष्ट्र से नई फसल वाली दाल आ रही है, लेकिन इसका रेट पहले से कम-ज्यादा हो रहा है। दाल का रेट रायपुर में 20 रुपए कम हो गया है। यह पहले थोक में 170 रुपए बिक रही थी, लेकिन इस समय 150 रुपए में बिक रही है। रेट लगातार कम-ज्यादा होने के कारण कारोबारी ज्यादा स्टॉक मंगाने से परहेज कर रहे हैं। अगर ज्यादा स्टॉक मंगा लिया और रेट टूट गया तो बड़ा नुकसान हो सकता है। दाल मिल कारोबारी भी बाजार में कम डिमांड को देखकर कच्चा माल भी कम ही मंगा रहे हैं।

### 15 जनवरी के बाद स्थिति होगी सामान्य

महाराष्ट्र में दाल की नई फसल के कारण लगातार रेट टूटने का खतरा है, इसलिए कारोबारी कम माल मंगा रहे हैं। इस वजह से बाजार में दाल की कमी है, 15 जनवरी के बाद रेट का सही अंदाज होने पर आवक बढ़ेगी तो स्थिति सामान्य हो जाएगी। दाम इस बार कम होने की संभावना ज्यादा है।

\- गोविंद माहेश्वरी
थोक दाल कारोबारी

## खबर संक्षेप



### नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी

**रायपुर।** प्रदेश में 15 जनवरी के बाद कभी भी नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव को लेकर आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में अब प्रदेश भाजपा संगठन ने भी इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। संगठन ने पहले ही नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी और पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह को नियुक्त किया है। अब नगरीय निकाय चुनाव के लिए सबसे पहले जिला प्रभारी, नगर निगमों और नगर पालिकाओं के प्रभारी तय करने की कवायद चल रही है। नए साल में कभी भी इसका ऐलान कर दिया जाएगा। इसके बाद पंचायत चुनाव को लेकर प्रभारी तय किए जाएंगे। इनके माध्यम से ही चयन प्रक्रिया होगी। प्रदेश में इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में विलंब हो गया है। दिसंबर में ये चुनाव होने थे, लेकिन नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने की कवायद के चलते इसमें देर हो गई है। अब तक आचार संहिता नहीं लग सकी है।

### सिविक सेंटर भिलाई में चैंबर का व्यापार मेला 16 से

**रायपुर।** चैंबर की भिलाई इकाई द्वारा सिविक सेंटर भिलाई के रॉयल क्रिस्टल गार्डन में व्यापार मेला व व्यापार महोत्सव का आयोजन 16 जनवरी से किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर व्यापार मेला 16 से 19 जनवरी तक रॉयल क्रिस्टल गार्डन भिलाई क्लब के पास सिविक सेंटर भिलाई में होगा। यह व्यापार मेला 'व्यापार की नई उड़ान, संभावनाओं का आसमान' इस नए संदेश के साथ चार दिवसीय आयोजन के रूप में आकर्षण का केंद्र रहेगा। जिसमें एक लाख से अधिक लोग इस व्यापार मेले में शामिल होंगे। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. विवेक बिंद्रा व्यापारियों को बदलते परिवेश में व्यापार को अपडेट कैसे करें, विषय पर प्रेरक उद्बोधन देंगे। डॉ. बिंद्रा अपना उद्बोधन शाम 5 बजे प्रारंभ करेंगे। साथ ही भिलाई शहर की 250 प्रतिष्ठित दुकानों में आमंत्रण कार्ड दिए जाएंगे। आमंत्रण कार्ड लेकर इस मेले में आने वाले प्रत्येक दर्शक को उपहार दिया जाएगा।

## प्रदेशभर में कलेक्टोरेट-तहसील न्यायालयों में डेढ़ लाख से अधिक राजस्व प्रकरण लंबित

# तहसील में पहले से 'तारीख पे तारीख' चल रही और अब पटवारियों की हड़ताल ने बेहाल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के जिलों के कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों, न्यायालयों में लंबित राजस्व के प्रकरणों में सुनवाई कछुआ गति से हो रही है। इस कारण प्रदेशभर में कलेक्टोरेट एवं तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या भी डेढ़ लाख से अधिक पहुंच गई है। यही कारण है कि लंबित प्रकरणों में पक्षकारों को भी पेशी के लिए तारीख पे तारीख दी जा रही है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार सोमवार को भी प्रदेश में कलेक्टोरेट-तहसील न्यायालयों में 10 हजार 200 प्रकरणों पर पेशी की तारीख दी गई थी, इनमें से 3659 प्रकरणों पर ही सुनवाई हो पाई। इस तरह 6541 प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पाई, जिसके कारण इन प्रकरणों की पेशी की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। इस तरह 35 प्रतिशत प्रकरणों में ही सुनवाई हो पाई। ये आंकड़े बताते हैं कि कलेक्टोरेट और तहसील न्यायालयों में राजस्व संबंधी प्रकरणों की सुनवाई किस गति से की जा रही है।



### इस तरह के मामले भी लंबित

| कारण | लंबित प्रकरण |
|---|---|
| भू-अभिलेखों में नामांतरण | 2088 |
| बंदोबस्त अभिलेखों में सुधार | 209 |
| खसरा या धारा 114 के तहत भू-अभिलेख | 699 |
| भूमि कब्जा विवाद के | 351 |
| बेदखल भूमि स्वामी का पुर्नस्थापन | 366 |
| मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 के अधीन मामले | 238 |
| पंचायतों की स्थापना | 39 |
| विविध सामान्य राजस्व मामले | 1859 |
| विवादित खाता विभाजन | 350 |
| नजूल भूमि हस्तांतरण मामले | 194 |
| व्यपवर्तन | 554 |
| सीमांकन | 808 |

### पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार का भी असर


प्रदेशभर के पटवारी अपनी मांगों को लेकर इन दिनों ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए हुए हैं। इसके तहत पटवारी अब डिजिटल साइन भी नहीं कर रहे हैं, वहीं कई प्रकरणों में पटवारियों का ऑनलाइन प्रतिवेदन भी आनी बाकी है। इस कारण राजस्व संबंधी प्रकरणों पर सुनवाई करने में तहसीलदार भी टालमटोल कर रहे हैं और पेशी की तारीख आगे बढ़ाने के निर्देश दे रहे हैं। इसके अलावा भी पेशी की तारीख आगे बढ़ाए जाने के कई कारण हैं। इनमें कभी दोनों पक्षकारों के नहीं पहुंचने, कभी किसी प्रकरण में एक पक्षकार द्वारा पेशी की तारीख आगे बढ़ाए जाने की मांग पर, कभी तहसीलदार के अवकाश में रहने या प्रोटोकॉल सहित अन्य काम की व्यस्तता के कारण पेशी की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है।

### पेशी की तारीख बढ़ाने में रायपुर अव्वल

पेशी की तारीख आगे बढ़ाने में प्रदेश में सबसे आगे रायपुर जिला है। दूसरे नंबर पर दुर्ग व तीसरे नंबर पर सरगुजा है। रायपुर जिले के कलेक्टोरेट और तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के आंकड़े बताते हैं कि यहां पेशी की तारीख सबसे ज्यादा बढ़ाई जाती है। जिले में कलेक्टोरेट एवं तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या 9 हजार के करीब है। इनमें से करीब 8 हजार प्रकरण तहसील न्यायालयों में लंबित हैं, वहीं शेष कलेक्टोरेट के राजस्व अधिकारियों के न्यायालय में लंबित हैं।

# संघ प्रमुख भागवत आज आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों से करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत पांच दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। अपने प्रवास के अंतिम दिन मंगलवार को जागृति मंडल में आरएसएस के करीब तीन दर्जन अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। इसमें जहां पंच परिवर्तन पर बात होगी, वहीं आरएसएस के शताब्दी वर्ष में किस संगठन को क्या करना है, यह भी तय होगा। इस बैठक के बाद डॉ. भागवत प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास डीडीनगर में भोजन करने जाएंगे।

- प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास पर जाएंगे भोजन करने

आरएसएस के हर राज्य में अनुषांगिक संगठन हैं, इसमें प्रमुख भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे बड़े संगठन भी शामिल हैं। इनके अलावा भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, विश्व संवाद केंद्र, राष्ट्र सेविका समिति, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, राष्ट्रीय सिख संगत, हिंदू जागरण मंच, हिंदू स्वयंसेवक संघ, विवेकानंद केंद्र, विद्या भारती, सहकार भारती शामिल हैं। आरएसएस की लगभग हर बड़ी बैठकों में इनके पदाधिकारियों को भी बुलाया जाता है। देशभर में आरएसएस के सालभर के जो कार्यक्रम तय होते हैं, उनमें अनुषांगिक संगठनों के भी कई तरह के कार्यक्रम होते हैं। इस बार संघ प्रमुख डॉ. भागवत का पांच दिनों का छत्तीसगढ़ का दौरा है तो इसमें अनुषांगिक संगठनों के साथ भी उनकी चर्चा होनी है।

### पंच परिवर्तन पर फोकस

इस समय आरएसएस का फोकस पंच परिवर्तन पर है। अगला साल आरएसएस का शताब्दी वर्ष है, इसमें कई तरह के कार्यक्रम होने हैं। यही वजह है कि डॉ. भागवत लगातार देश के राज्यों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे रायपुर में 27 दिसंबर से हैं। लगातार उनके कार्यक्रम हो रहे हैं, साथ ही वे पंच परिवर्तन के विषयों पर आरएसएस के स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे हैं। अब मंगलवार को उनकी अंतिम चर्चा अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों से होगी। जागृति मंडल में सुबह 10 बजे से होने वाली बैठक में हर संगठन के अध्यक्ष, संगठन महामंत्री और महामंत्री को बुलाया गया है।

## पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पर एक्शन नहीं, एनएसयूआई ने अफसर को घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी स्कूलों को दी जाने वाली आरटीई राशि निजी खाते में डाले जाने संबंधित भ्रष्टाचार को लेकर एनएसयूआई ने वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी को घेरा। एनएसयूआई का आरोप है कि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ आरोप सिद्ध होने और उन पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश मिलने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई का कहना है कि आरटीई राशि में हुई गड़बड़ी की जांच महीनों पहले ही कमेटी द्वारा पूरी की जा चुकी है। दोष सिद्ध होने के बाद 8 नवंबर को वर्तमान डीईओ विजय खंडेलवाल को पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चंद्राकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद, वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल अब तक एफआईआर दर्ज कराने से बचते नजर आ रहे हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि वे पूर्व डीईओ को बचाने के लिए किस हद तक प्रयासरत हैं। यह समझ से परे है कि स्पष्ट आदेश होने के बावजूद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराने के दौरान जिला महामंत्री सूरज साहू, नूर अली, भोजराज चौहान, विमल साहू, नवीन, अनिल, गोल्डी वर्मा, संस्कार पांडे, यश सहित अन्य एनएसयूआई सदस्य शामिल रहे।

### कमजोर पड़ रहा अधिनियम

भ्रष्ट अधिकारियों और भाजपा की मिलीभगत से आरटीई जैसे महत्वपूर्ण कानून कमजोर पड़ रहे हैं। इस घटना ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार पर नीति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

\- शांतनु झा, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर जीएडी ने दिए निर्देश

### जिलों में 9 बजे के पहले होगा ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह पूरे प्रदेश में गरिमापूर्वक मनाया जाएगा। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन होगा। राज्यपाल रमेन डेका समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।



जीएडी के निर्देश के मुताबिक, प्रदेश की राजधानी रायपुर और अन्य जिला मुख्यालयों में होने वाले मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होंगे, इसे देखते हुए रायपुर व अन्य जिला मुख्यालयों में स्थित शासकीय कार्यालयों में ध्वज फहराने का कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से पहले ही पूरा कर लिया जाए, ताकि इन कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में भाग ले सकें। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को एक परिपत्र जारी कर गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के लिए सभी विभाग, संभागायुक्त, कलेक्टर एवं सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने के निर्देश भी दिए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य स्तरीय आयोजन में राज्यपाल ध्वज फहराकर, परेड की सलामी लेने के पश्चात अपना उद्बोधन देंगे। इसके अलावा समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों/संस्थानों द्वारा चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा और पदक अलंकरण समारोह भी होगा। समारोह स्थल पर रंगीन गुब्बारे भी उड़ाए जाएंगे। राज्य स्तर पर होने वाली परेड में सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, डीएफ, जेल पुलिस बल, होमगार्ड, एसटीएफ कमांडो, बीएसएफ, आईटीबीटी एवं अन्य सशस्त्र बल की टुकड़ियां भी शामिल होंगी।

### राज्यपाल डेका से मिले वनमंत्री केदार कश्यप

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने सौजन्य भेंट कर विभागीय कार्यों से अवगत कराया।




## प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र सौंपकर जताया विरोध

# कुकरेजा परिवार की कांग्रेस में वापसी का जुनेजा ने किया विरोध, कहा- पैसों का दिखा रहे दंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बागियों की वापसी को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी के अंदर नेताओं के बीच बागियों की वापसी को लेकर अंतर्कलह की स्थिति दिख रही है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने आनंद कुकरेजा और अजीत कुकरेजा को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने खुलकर विरोध करते हुए, कई गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र भी सौंपा है। श्री जुनेजा के इस पत्र ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है।

पूर्व विधायक जुनेजा ने कुकरेजा परिवार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आरोप लगाया है कि कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो पैसे के दम पर पार्टी को खरीदने की कोशिश करते हैं। ऐसे ही कुछ लोगों में कुकरेजा परिवार है। कुकरेजा परिवार ने न सिर्फ मुझे हर बार चुनाव में नुकसान पहुंचाया, बल्कि पार्टी के साथ भी दगा करता रहा है। 2013 विधानसभा में चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को भड़काने, पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हराने का काम किया। 2018 में भी यही कोशिश की गई थी, पर कार्यकर्ताओं की ईमानदारी से मैं जीत गया। 2023 के चुनाव में पार्टी से बगावत कर अजीत कुकरेजा ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और मुझे (कांग्रेस पार्टी को) हार का सामना करना पड़ा। पार्टी को हर स्तर पर नुकसान पहुंचाने का काम कुकरेजा परिवार ने किया है।



### पार्टी विरोधी परिवार को वापस न लें

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने बैज से यह निवेदन भी किया कि पार्टी विरोधी परिवार को पार्टी में वापस न लिया जाए, क्योंकि पैसे के दंभ में यह परिवार पार्टी में फिर से प्रवेश करने में जुटा है। उम्मीद है, मेरे इस पत्र पर विचार कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करेंगे।

### पैसे देकर टिकट खरीदने की बात बेबुनियाद : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कुलदीप जुनेजा के पत्र पर कहा, बागियों की वापसी को लेकर कमेटी बनाई है। किसकी वापसी होगी, किसकी नहीं, कमेटी निर्णय लेगी। जहां तक बात पार्टी में पैसे देकर टिकट खरीदने या प्रवेश करने की है, तो ऐसी कोई बात नहीं है। मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल में विधानसभा, लोकसभा और उपचुनाव हो चुके हैं, इस तरह के आरोप सही नहीं हैं। हो सकता कहीं गलत टिकट बंट गया हो, लेकिन खरीदने वाली बात बेबुनियाद है।

### कांग्रेस में कैसे टिकट बंटते हैं, सबको पता है : सौरभ

वहीं इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कुलदीप जुनेजा को यह कहते हुए बधाई दी है कि उन्होंने सच तो कहा। कांग्रेस में यही वास्तविक स्थिति है। सबको पता है कि कांग्रेस में टिकट कैसे बंटता है। वैसे जुनेजा के इस पत्र से यह साफ हो गया है कि बागियों को लेकर में पार्टी के अंदर बवाल अभी और मचेगा। वहीं वापसी को लेकर जो कमेटी बनाई गई है, उन्हें भी अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### कथक नृत्यांगना राधिका को शिवांजलि पुरस्कार

**रायपुर।** शिवोम म्यूजिक, डांस एंड आर्ट्स कॉलेज द्वारा आयोजित तीन



दिवसीय कार्यक्रम शिवांजलि में राधिका शर्मा को जूनियर केटेगरी में शिवांजलि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता दो राउंड में हुई। पहले राउंड में राधिका ने देवी स्तुति, तीन ताल में तोड़े टुकड़े एवं तत्कार प्रस्तुत किया और जजों के प्रश्नों का बहुत अच्छे तरीके से जवाब देकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। वहीं दूसरे राउंड में राधिका ने चौताल में शिवस्तुति की प्रस्तुति दी, जिसमें शिवजी की भाव-भंगिमाओं को अपने नृत्य द्वारा शानदार तरीके से प्रदर्शित कर सभी को भावविभोर कर दिया। 11 वर्षीय राधिका पिछले 7 वर्षों से कथक गुरु संगीता कापसे से कथक नृत्य की शिक्षा ले रही है। राधिका ने छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं ओडिशा में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगियों में कथक की प्रस्तुति दी है। राधिका ने इसी वर्ष रायगढ़ में चक्रधर महोत्सव में अपनी गुरु संगीता कापसे के साथ कथक नृत्य की प्रस्तुति दी थी।

### भवानी मंदिर में वर्सी महोत्सव 1 जनवरी से

**रायपुर।** गुरु नवनाथ मढ़ी भोईपारा में 1 से 3 जनवरी तक धूमधाम से वर्सी महोत्सव नाथ संप्रदाय के योगी महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा, जिसमें संतों की शीतलवाणी एवं भजन-कीर्तन से सत्संग को निहाल किया जाएगा। कार्यक्रम में 1 जनवरी को शाम 4 बजे से ईष्ट आराध्य देव भगवान झूलेलाल के बहराणा साहेब में अमरलाल एवं दयालदास रायपुर द्वारा कार्यक्रम पेश किया जाएगा। वहीं मनोहर लाल मंडली सतना द्वारा भजन का कार्यक्रम होगा। 2-3 जनवरी को बालक मंडली कटनी द्वारा रात 10 बजे से भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दोपहर 12 से 3 बजे तक आम भण्डारा रखा गया है।

### को-वर्किंग सेंटर की क्षमता बढ़ाने प्रस्ताव

**रायपुर।** निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के तृतीय तल पर स्थिति इनोवेट को-वर्किंग सेंटर का निरीक्षण किया। श्री मिश्रा ने सहायक अभियंता सोहन गुप्ता को को-वर्किंग सेंटर इनोवेट की क्षमता 300 सीटर से बढ़ाकर 700 सीटर करने का प्रस्ताव जल्द तैयार करने निर्देश दिए। इस मौके पर जोन-6 के कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा उपस्थित रहे।

## निधन

### डॉ. मोतीलाल शर्मा

**रायपुर।** ब्राह्मण पारा साईं मंदिर



गली निवासी सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोतीलाल शर्मा दादर वाले (95) का 30 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थल से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शर्मा के पिता और प्रश्रय शर्मा के दादा थे।

# मारवाड़ी- महादेवघाट और देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में वायु शुद्ध करने लगाएंगे स्क्रबर और चिमनी

## सोनडोंगरी में जानवरों के शवदाह के लिए क्रीमेटोरियम बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवाचार के तहत शहर के तीन शवदाह गृहों में एयर फिल्टर के लिए स्क्रबर व चिमनी की स्थापना की जा रही है। इनमें मारवाड़ी श्मशानगृह, महादेवघाट और देवेंद्र नगर शवदाह गृह शामिल हैं। शवदाह के दौरान वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने यह पहल की जा रही है। इसी तरह सोनडोंगरी में डॉग क्रीमेटोरियम के लिए शेड तैयार कर परिसर के विस्तार के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। संबंधित कार्य एजेंसी को तीन वर्ष के संचालन व संधारण की भी जिम्मेदारी दी गई है। गांधी सदन में सोमवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में गठित रायपुर शहर स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक में हुई। जहां राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम अंतर्गत औद्योगिक परिक्षेत्र सहित नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए अब तक की गई गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में यह बताया गया कि तालाबों के समीप उद्यान और बर्ड पार्क तैयार किया जाएगा। पंडरी क्षेत्र में नॉन-मोटराइज्ड ट्रैक का नेटवर्क तैयार करने की योजना है, जहां पर 10 वाहनों के पार्किंग, अंडरग्राउंड केबलिंग, प्रसाधन की सुविधा होगी। धूलमुक्त शहर के रूप में रायपुर को विकसित करने विभिन्न स्थलों पर बीटी रोड के अलावा सीसी रोड व एण्ड टू एण्ड पेवरिंग कार्य किए जा रहे हैं। शहर के ऐसे क्षेत्र, जहां वायु प्रदूषण के चलते धूल की समस्या बढ़ी है, वहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल छिड़काव की व्यवस्था की गई है। यांत्रिक विधि से सड़कों की सफाई पर जोर दिया जा रहा है, अब 152 किलोमीटर क्षेत्र के दायरे की सड़क सफाई रोड स्वीपिंग मशीन से होगी।



### बैठक में ये अफसर रहे मौजूद

बैठक में बिरगांव नगर निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा, नगर निगम रायपुर के मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अपर आयुक्त कृष्णा खटिक, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, 15वें वित्त आयोग कार्यक्रम के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, पर्यावरण संरक्षण विभाग के वैज्ञानिक मानिक चंदेल, नीलिमा सोनकर, परिवहन विभाग के रोहित कुमार मेहरा, शैलेंद्र कुमार पाल, नगर निगम उप अभियंता शैलेंद्र पटेल, नेहा पटेल, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डॉ. पोखराज साहू उपस्थित रहे। समिति में शामिल अधिकारियों ने अपने विभाग की गतिविधियों व भावी योजनाएं साझा कीं। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत रायपुर शहर स्तरीय क्रियान्वयन समिति की अगली बैठक जनवरी माह में होगी।

## 24 स्थानों पर बैरिकेड्स लगाकर पुलिस करेगी जांच

# नववर्ष के स्वागत समारोह और पुराने साल की विदाई पर छह सौ पुलिस जवान रखेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुराने साल की विदाई के साथ नववर्ष के स्वागत में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, ऐसे में कानून व्यवस्था बनाए रखने छह सौ पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है। साल के अंतिम दिन किसी तरह से कोई गड़बड़ी न हो, इसे ध्यान में रखते हुए क्राइम ब्रांच ने शहर के पांच दर्जन से ज्यादा चाकूबाज, आदतन मारपीट करने वाले बदमाशों की गंज थाना में परेड कराई। पुलिस ने बदमाशों को किसी भी तरह के अपराध से दूर रहने हिदायत दी है।

- होटल, रेस्टोरेंट, बार, क्लब समेत अन्य जगहों पर कार्यक्रम रात 1 बजे तक समेटना होगा

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक, साल के अंतिम दिन होने वाले कार्यक्रमों में किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही पुलिस टीम सूखा नशा करने वालों की निगरानी के साथ ही उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। शहर के सभी एंट्री पाइंट से आने-जाने वाले लोगों की जांच की जाएगी। पुलिस अफसर ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों से सख्ती से निपटने की बात कही है। नवा रायपुर जाने वाले मार्ग पर रात को नो एंट्री रहेगी। इसकी वजह नवा रायपुर का इलाका सुनसान होने की वजह से लोग वहां पहुंचकर शराबखोरी करने के साथ अन्य तरह के मादक पदार्थों का सेवन कर सकते हैं।





### स्पीड बाइकर्स के खिलाफ कार्रवाई

नए साल में पुलिस ने जहां ड्रंक एंड ड्राइव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है, वहीं पुलिस अफसर ने तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। 31 दिसंबर की रात सभी राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ संबंधित थानों की टीम रात 2 बजे तक गश्त करने के साथ आयोजनों पर निगरानी रखेगी।

### आधी रात तक गश्त क्राइम ब्रांच भी मुस्तैद

पुलिस अफसर के अनुसार, नए साल में किसी भी तरह की गड़बड़ी से निपटने छह सौ पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके साथ ही सभी डिविजन में पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी रात 2 बजे तक गश्त करेंगे, जिसमें क्राइम ब्रांच की टीम भी शामिल रहेगी। इसके अलावा महिला पुलिसकर्मियों की अलग से ड्यूटी लगाने की व्यवस्था की गई है।

### एनजीटी, सुको की गाइडलाइन का कराएंगे पालन

जिन जगहों पर नए साल को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहां एनजीटी तथा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने की शर्त पर ही कार्यक्रम करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अफसर ने नए साल के अवसर पर गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने की बात कही है।

### हुड़दंग करते पकड़े गए तो लॉकअप में कटेगी रात

नए साल के मौके पर बीच सड़क पर हुड़दंग करने वालों के साथ ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों को लेकर सख्ती से निपटने की चेतावनी दी है। पुलिस अफसर के अनुसार, शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर वाहन जब्त किया जाएगा। हुड़दंग करने वालों के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए लोगों की रात लॉकअप में कटेगी।

# राज्य सहकारी संघ की आमसभा, सहकारिता को मजबूती देने अनेक निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ की 19वीं वार्षिक आमसभा सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हाउस में सोमवार को हुई। राज्य संघ द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट, आय-व्यय पत्रक, वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट और प्रस्तुत कार्ययोजना की कार्यावली को सर्वसम्मति से आमसभा में स्वीकृति दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक लेखा विवरणी, अंकेक्षित ऑडिट रिपोर्ट को भी आमसभा में अनुमोदित किया गया।

- न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ की हुई आमसभा

इस मौके पर अपर आयुक्त सहकारिता एचके दोशी ने कहा कि संघ ने अपने उद्देश्य के अनुरूप शिक्षा-प्रशिक्षण की अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। हजारों लोगों ने समय-समय पर विभिन्न विषयों में शार्ट टर्म प्रशिक्षण का लाभ लिया है। 16 सप्ताह का डिप्लोमा इन को-ऑपरेटिव मैनेजमेंट ऑनलाइन कोर्स भी संघ द्वारा चलाया गया। विगत वर्ष शार्ट टर्म और डिप्लोमा कोर्स से कुल 4760 लोग लाभान्वित हुए।

### जिला पंचायतों में भेजेंगे सहकारी समाचार

आमसभा में प्रतिनिधियों के सुझाव अनुसार संघ द्वारा प्रकाशित सहकारी समाचार को सभी सहकारी संस्थाओं में वितरित करने और सहकारिता को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सभी जिला पंचायतों में सहकारी समाचार भेजने के संबंध में भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त डीपी टावरी, भूपेंद्र ठाकुर, पीके भारती, लखनलाल साहू, संदीप श्रीवास्तव, हरीश तिवारी, मंजूषा तिवारी, स्नेहलता साव, पीके सांडिल्य सहित संघ के प्रबंध संचालक व उपायुक्त एनआरके चंद्रवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी ध्रुव आदि शामिल थे।

## पेज 11 के शेष ...

### टमाटर ने पहले...

लगाने वाले कुछ किसानों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि टमाटर की कीमत में आई गिरावट से उनकी लागत निकलना तो दूर उन्हें नुकसान होने लगा है, क्योंकि टमाटर के उत्पादन में किलो के पीछे 7 रुपए तक की लागत आती है, जबकि थोक व्यापारी 4 रुपए किलो की दर से किसान से टमाटर खरीद रहे हैं। इस कारण टमाटर की फसल से अब किसानों को नुकसान होने लगा है।

### तीन से चार गुना...

भारी गिरावट है। थोक में क्वालिटी के अनुसार टमाटर 6 से 7 रुपए किलो है, जबकि चिल्हर में 10 से 15 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। मौसम बदलने के कारण किसानों ने टमाटर की फसलों के खराब होने के डर से तोड़ाई शुरू कर दी है। इस कारण मंडी में इसकी आवक सामान्य दिनों की तुलना में तीन से चार गुना बढ़ गई है।

### बिचौलिए उठा रहे...

रहे हैं, क्योंकि ज्यादातर किसान ट्रांसपोर्टिंग भाड़ा, टोल टैक्स, लोडिंग चार्ज सहित अन्य भाड़ा को देखकर मंडी जाना नहीं चाहते, क्योंकि इससे उन्हें और ज्यादा नुकसान होगा। इस कारण किसान भी मजबूरी में बिचौलियों के जरिए टमाटर बेच रहे हैं, जिससे उन्हें वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है।

### भवन एक और...

पर शासकीय महाविद्यालय तो खोल दिए, लेकिन भवन का इंतजाम करना भूल बैठा। ***नहीं ले रहे प्राइवेट छात्र :*** खुद का भवन नहीं होने से पढ़ाई पर कितना असर पढ़ रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इन कॉलेजों द्वारा प्राइवेट छात्रों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए भी कक्षाएं लगाई जानी है। चूंकि इन महाविद्यालयों के पास अपने ही विद्यार्थियों को बैठाने की जगह नहीं है, ऐसे में प्राइवेट विद्यार्थियों के आवेदन भी स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

### शोर के बीच...

दिला पाए। फलतः प्रथम दिवस से वर्तमान तक यह शासकीय प्राथमिक शाला के एक हिस्से में संचालित हो रहा है। इस विद्यालय में छात्रों की संख्या अत्यधिक है। शाला प्रारंभ होने के दौरान तथा अवकाश के वक्त शोर के कारण महाविद्यालयीन छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है, लेकिन उनके पास दूसरा विकल्प नहीं है।

### नहीं मिल सका...

महाविद्यालय का संचालन हो रहा है। कब तक निजी विद्यालय में कॉलेज का संचालन होगा, इसे लेकर महाविद्यालय प्रबंधन स्तर पर कोई जानकारी नहीं दी जा सकी। उनका कहना था कि भवन की व्यवस्था ऊपरी स्तर पर की जाती है। इसमें महाविद्यालय प्रबंधन की कोई भूमिका नहीं होती है।

### पहले स्कूल फिर...

एनआईटी के समीप स्थित संस्कृत महाविद्यालय में स्थानांतरित किया गया है। अर्थात यहां एक ही भवन में दो महाविद्यालयों का संचालन हो रहा है।

### आवंटित भूमि पर...

छात्र अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। इस महाविद्यालय के लिए शासन द्वारा भूमि आबंटित की गई थी, जिस पर महाविद्यालय भवन का निर्माण किया जाना था। यह भूमि निजी बिल्डर को सौंपे जाने को लेकर यहां भी विवाद पैदा हो गया है।

### अफसर पर आरोप, शव...

वालों के खिलाफ किसी तरह से कार्रवाई नहीं होने से अनिल डिप्रेशन में थे और उन्होंने एक दिन बाद 29 दिसंबर को अपनी बैरक में अपने सर्विस रिवाल्वर से कनपटी में गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक अनिल सिंह के भतीजे मयंक सिंह के अनुसार, दादी के साथ उनके चाचा की घटना के एक दिन पूर्व 28 दिसंबर को बात हुई थी। बातचीत में अनिल ने अपनी मां से कहा था कि विभाग में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अफसर तथा उनके नीचे के अधिकारी परेशान कर रहे हैं। साथ ही अनिल ने परिजनों का हालचाल पूछने के बाद कॉल कट कर दिया था। दूसरे दिन रविवार को परिजनों को देर शाम अनिल की खुदकुशी करने की जानकारी मिली। अनिल की खुदकुशी का उन्हें अब तक यकीन नहीं हो रहा है। ***शव लेकर एक घंटे से ज्यादा संतोषीनगर ब्रिज के नीचे खड़े रहे परिजन:*** मृतक के परिजन अनिल सिंह के शव का अंतिम संस्कार करने अपने गृहक्षेत्र सतना लेकर सोमवार देर शाम रवाना हुए। शव ले जाने के पहले परिजन एंबुलेंस में अनिल सिंह का शव रख दोषी अफसरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक घंटे तक संतोषीनगर ओवरब्रिज के नीचे खड़े रहे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने आश्वासन दिया, उसके बाद परिजन शव लेकर रवाना हुए।

# ग्रीन्सविले सोसाइटी चुनाव में एकता पैनल विजयी



**रायपुर।** ग्रीनसविले सोसाइटी के चुनाव में एकता पैनल के प्रत्याशियों की जीत हुई। इस पैनल से देवता दीन दुबे अध्यक्ष एवं प्रदीप उपाध्याय उपाध्यक्ष चुने गए, वहीं महासचिव पद पर एजाज केसर, सचिव लक्ष्मीकांत कोसरिया एवं कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी निर्वाचित हुए। संगठन सचिव राकेश दास वैष्णव, सहसचिव सोहन ठाकुर निर्वाचित हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी एसके वाहने ने बताया कि चुनाव में दो पैनल थे, जिसमें सर्वजन हिताय पैनल से नीलेश्वर साहू, संतोष साहू, पुष्पेंद्र चौधरी, अनिल पटेल, कुंदन शर्मा, प्रशांत रावत और मुकेश टांक विभिन्न पदों के लिए खड़े हुए थे, वहीं एकता पैनल से अध्यक्ष पद के लिए देवता दीन दुबे सहित अन्य प्रत्याशी खड़े हुए थे। इनमें से एकता पैनल के सभी प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। जीत के बाद अध्यक्ष देवता दीन दुबे ने कहा कि हमारी जीत ने साबित कर दिया है कि हमारी सोसाइटी में एकता और सामूहिक प्रयास सबसे बड़ी ताकत है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपके विश्वास को बनाए रखने और कॉलोनी की प्रगति के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण से कार्य किया जाएगा।

## बिजनेस साइट सिटी

# डीसी क्लब में 'न्यू ईयर बैश 2025' आज

**रायपुर।** डीसी क्लब की ओर से न्यू ईयर बैश- 2025 का आयोजन आज शाम 6 बजे से डीसी क्लब मुजगहन सेजबहार में किया जाएगा। इस पार्टी में डीजे नाइट, लाइव म्यूजिक, अनलिमिटेड फूड और ड्रिंक्स का विशेष प्रबंध किया गया है, जो सभी को एक शानदार अनुभव प्रदान करेगा। पार्टी में रंगबिरंगी लाइट्स, बेहतरीन डेकोरेशन और आकर्षक थीम के साथ शानदार माहौल बनाया जाएगा।




इसके अलावा इस कार्यक्रम में डांस फ्लोर पर धमाल मचाने के लिए मशहूर डीजे भी तैयार हैं। वहीं लाइव म्यूजिक पर स्थानीय कलाकार अपने संगीत का जादू बिखेरेंगे। इस शानदार न्यू ईयर पार्टी में शामिल होने के लिए सिंगल एंट्री शुल्क 1500 रुपए और कपल्स के लिए 2500 रुपए निर्धारित किया गया है। एंट्री में अनलिमिटेड फूड, ड्रिंक्स और मनोरंजन का पूरा पैकेज शामिल है। अधिक जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए इच्छुक लोग क्लब से संपर्क कर सकते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण मंडल ने उद्योगों के प्रदूषण पर की कड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा उद्योगों से चिमनी उत्सर्जन, फ्यूजिटिव उत्सर्जन और परिवेशीय वायु गुणवत्ता के निर्धारित मानकों के अनुपालन की निगरानी सख्ती से की जा रही है। शीत ऋतु के दौरान वायुमंडलीय घनत्व बढ़ने से प्रदूषक तत्वों के वायु में विसर्जन में कमी होने के कारण प्रदूषण स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनवरी 2024 से 28 अक्टूबर तक मंडल ने कुल 61 उल्लंघनकारी उद्योगों के खिलाफ जल और वायु अधिनियमों के तहत नोटिस जारी किए। इनमें से 49 उद्योगों में समाधानकारक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जबकि 6 उद्योगों में सुधार न होने पर उत्पादन बंद करने और विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही की गई। 6 उद्योगों का मामला वर्तमान में 'ऑब्जर्वेशन पीरियड' में है।

### आम सूचना

(समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखली बाबत्)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार हरी सिंह ठाकुर पिता- स्व. श्री डोमार सिंह ठाकुर निवासी - संत रविदास वार्ड नंबर-70, सरोना. युनियन बैंक के पास, रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने दो पुत्र जगत नारायण सिंह ठाकुर एवं देवेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी- संत रविदास वार्ड नंबर-70, सरोना. युनियन बैंक के पास, रायपुर (छ.ग.) को अपने समस्त चल व अचल सम्पति से

बेदखल कर दिये हैं साथ ही अपने जीवन से बेदखल कर दिये है अर्थात अब उनसे हमारे पक्षकार का कोई रिश्ता व संबंध नही है। अतः कोई भी उनके दोनो पुत्रो जगत नारायण सिंह ठाकुर एवं देवेन्द्र सिंह ठाकुर को मेरे पक्षकार की पुत्र व विधिक उत्तराधिकारी न समझे। सूचनार्थ प्रकाशित।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 30/12/2024

भवदीय
गोपीचंद साहू, (एडव्होकेट)
जिला न्यायालय रायपुर छ.ग.
मो. 93002 11285

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 18
### आम सूचना

जारी दिनांक 13.12.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अनिता संतोषी पिता/पति मुकेश संतोषी निवासी टांटीबंध रायपुर (छ.ग.) आवेदित ग्राम सकरी पटवारी हल्का नंबर 75 राजस्व निरीक्षक मंडल-18 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 129/7 रकबा 0.148 हेक्टेयर 20.11.2024 के परिपालन में दिनांक 07.01.2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 75 के तुलसी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर - 18

### नाम परिवर्तन
### -: शपथपत्र :-

मैं, **SANGITA SHASHANK DESHPANDE**, उम्र 61 वर्ष, पति- **SHASHANK PRABHAKAR DESHPANDE**, निवासी- सी - 5/5, सेक्टर-3, उद्या सोसायटी टाटीबंध, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं

1. यह कि, मेरा पूर्व नाम **SANGEETA SHASHANK DESHPANDE** था।
2. यह कि, मैने अपने पुराने नाम को त्याग कर नया नाम **SANGITA SHASHANK DESHPANDE** रख ली है
3. यह कि, आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम **SANGITA SHASHANK DESHPANDE** के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जावे। जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मै, उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 01 से 03 तक मे वर्णित समस्त तथ्य मेरे निजी जानकारी व ज्ञान से सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30.12.2024

संगीता
शपथकर्ती

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती कला बंजारे पति स्व. शंभु बंजारे, धनेन्द्र बंजारे पिता स्व. शंभु बंजारे पता-टाटीबंध रायपुर तह. व जिला - रायपुर छ.ग. के पैतृक स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम - टाटीबंध, प.ह.नं. 54, रा.नि.मं. -रायपुर-2- हीरापुर, तह. व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 244 रकबा 0.0490 हे. एवं ग्राम-बाहनाकाड़ी, प.ह. नं. - 13, रा.नि.मं. - मंदिर हसौद, तह. - मंदिरहसौद, जिला - रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 131 रकबा 0.3600 हे. जो मेरे पक्षकार की पैतृक संपत्ति है को रामदीन पिता दीनदयाल सतनामी निवासी- टाटीबंध रायपुर द्वारा अपने नाम में होने का फायदा उठाकर किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। यह कि उक्त भूमि हम लोगों के पैतृक संपत्ति है तथा हम लोगों का हित एवं हक हिस्सा शामिल है।

यह कि मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उक्त भूमि को रामदीन पिता दीनदयाल सतनामी निवासी-टाटीबंध रायपुर द्वारा किसी अन्य को विक्रय एवं हस्तांतरण करने का प्रयास किया जा रहा है ऐसी स्थिति में उक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार द्वारा क्रय अथवा सौदा न करें अन्यथा उसे किसी प्रकार के कोई स्वत्व एवं हक व अधिकार प्राप्त नहीं होगा तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त विक्रेता के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में अपने स्वामित्व के संबंध में वाद प्रस्तुत किया जा रहा है। अतः कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि को क्रय न करें । सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-30/12/24

भवदीय
कुणाल फरिकार (अधिवक्ता)
महाराजबंध तालाब के पास,
पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 98266-74118

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# 16 श्रेणियों की सेवा में चूक करना पड़ेगा महंगा, निगम ई-चालान के जरिए वसूलेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम की 16 श्रेणी की सेवाओं में चूक करना लोगों को अब महंगा पड़ेगा। निगम ने स्वास्थ्य से जुड़े 13 और नगर निवेश से 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई-चालान को अब डिजिटल डोर नेम प्लेट से कनेक्ट कर दिया है।

खास खबर

इस स्थिति में यदि इस चालान के जुर्माने की रकम भरने में नागरिक देरी करता है तो इससे सीधे उसके प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। नगर निगम के प्रॉपर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के साथ डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल रहा, जिसकी साल में एक बार एकमुश्त वसूली कर ली जाती है। अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप मे ई-चालान को भी इसमें जोड़ दिया गया है।

### नगर निवेश की 4 श्रेणी

- सड़क अवरोध
- संपत्ति विरूपण की स्थिति
- ग्रीन नेट न लगाये जाने पर
- मलबा खुले में छोड़ने पर



- 1 लाख 30 हजार घरों और दुकानों में लगाई डिजिटल डोर नंबर प्लेट हुई कनेक्ट
- जुर्माना भरने में देर की तो प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़कर होगी वसूली

### फोटो खींचकर अपलोड करते ही जुर्माने की रकम तय

नगर निगम के एप में बनाए गए ई-चालान पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर सीएंडडी वेस्ट या फिर नाले में फेंके गए कचरे की फोटो खींचकर अपलोड होते ही जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से आ जाएगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, इस रकम में किसी भी प्रकार के घट-बढ़ नहीं हो पाती। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक, राजपत्र में प्रकाशन के बाद भी नगर निवेश विभाग से संबंधित अवैध कब्जे, अवैध निर्माण संबंधी गड़बड़ी के अलावा कचरा फैलाने वालों पर अलग-अलग जुर्माना लगाया जा रहा था। इसमें एकरूपता लाने के लिए ई-चालान पैटर्न विकसित किया गया है। नए साल से जुर्माने के लिए मैनुअल रसीद देनी बंद हो जाएगी। इसके लिए जोन स्तर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### स्वास्थ्य की 12 श्रेणियों में लापरवाही पर ई-चालान भेज सकता है निगम

- गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने पर
- डायपर, सेनेटरी पैड कचरे में मिक्स करने पर
- गार्डन वेस्ट का निराकरण नहीं होने पर
- कूड़े को खुले में फेंकने या जलाने पर
- बिना नगर निगम को सूचित किए 100 व्यक्तियों से ज्यादा का समारोह
- समारोह के दौरान कूड़े को स्थल पर ही छोड़ने पर
- स्ट्रीट वेंडर द्वारा कचरा फैलाने, मिक्स करने पर
- कॉलोनी, बाजार द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करना
- 5 हजार वर्गमीटर से ज्यादा बड़ी कॉलोनी, संस्था द्वारा गीला-सूखा कचरा अलग न करने पर
- होटल, रेस्टारेंट द्वारा गीला-सूखा कचरा अलग-अलग न करने की स्थिति में
- खुले में शौच करने पर

## खबर संक्षेप




### छात्रावास अधीक्षक के परिणाम जारी

**रायपुर**। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह भर्ती परीक्षा 15 सितंबर को आयोजित की गई थी। इसके बाद 9 अक्टूबर को मॉडल आंसर जारी कर 16 अक्टूबर तक दावा-आपत्तियां मांगी गई थी।प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद व्यापम ने 30 दिसंबर को अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। कैंडिडेट्स व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने नतीजे देख सकते हैं।

### समयसीमा में किताबें वितरित करने निर्देश

**रायपुर**। पाठ्यपुस्तक निगम की कार्यकारिणी की 89वीं बैठक सोमवार को रखी गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह बैठक ली। बैठक में स्कूली छात्रों को समय पर गुणवत्तापूर्ण किताबें उपलब्ध कराने निर्देश दिए गए हैं। किताब वितरण की ट्रैकिंग ऑनलाइन एप के माध्यम से करने कहा गया है। इसके अलावा निशुल्क वितरण के लिए पाठ्यपुस्तक के कव्हर और इनर पेपर की खरीदी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करने पापुनि को निर्देशित किया गया है।

### नहीं दी ज्वॉइनिंग, सेवा लौटाने खत

**रायपुर**। मेडिकल कॉलेज रायपुर ने आयुक्त चिकित्सा शिक्षा को खत लिखकर पांच चिकित्सकों की नियुक्ति किसी अन्य चिकित्सा महाविद्यालय में करने की बात कही है। डॉ.कमलेश पटेल, डॉ.मंगलेश परस्ते, डॉ.शिल्पी नेताम, डॉ.विश्वशील करवाड़े तथा डॉ.श्याम किशोर साहू की ड्यूटी कार्डियोलॉजी एवं आपात चिकित्सा में लगाई गई थी। लेकिन इन्होंने अपनी ज्वॉइनिंग नहीं दी। ऐसे में मेडिकल कॉलेज द्वारा इनकी नियुक्ति अन्य चिकित्सा महाविद्यालय में करने की मांग की गई है।

### वार्डवार निर्वाचक नामावली तैयार

**रायपुर**। नगर निगम के 70 वार्डों की वार्डवार निर्वाचक नामावली तैयार है। आम जनता के निशुल्क निरीक्षण के लिए यह उपलब्ध कराई गई है। नामावली में नाम सम्मिलित करने या प्रविष्टि में संशोधन करने दावा-आपत्ति निर्धारित प्रारूप में कार्यालयीन 10 जनवरी तक प्रस्तुत की जा सकती है। नगर निगम के जोन कार्यालयों में केवल वार्ड विशेष की निर्वाचक नामावली उपलब्ध है। जहां उसके संबंध में दावे व आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं।

### इधर...शासन ने मांगे सुझाव, बनेगी कमेटी

# स्कूल शिक्षा विभाग ने डीपीआई से कहा जारी करें डीएलएड अभ्यर्थियों की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों के चल रहे आंदोलन के बीच सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नया आदेश जारी किया गया है। लोक शिक्षण संचालनाय को जारी किए गए इस आदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा है कि उच्च न्यायालय द्वारा 2 अप्रैल को दिए गए आदेश का पालन करें। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने कहा गया है। गौरतलब है कि उक्त तिथि को उच्च न्यायालय द्वारा जारी अपने आदेश में बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों के स्थान पर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्ति देने कहा गया था। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा डीपीआई को आदेशित किए जाने के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि सहायक शिक्षकों के 2 हजार 900 पदों के लिए डीएलएड सूची जल्द ही जारी कर दी जाएगी।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, डीएलएड कैंडिडेट्स की चयन सूची पहले ही तैयार हो चुकी है। इसे केवल जारी करना शेष है। सूची जनवरी माह में आ जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। व्यापम द्वारा सौंपे गए नतीजों और डेटा के आधार पर मेरिट को ध्यान में रखते हुए यह सूची तैयार की जा रही है। इसके पूर्व न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किए जाने के चलते अवमानना संबंधित मामले का सामना शासन को करना पड़ा था। अपनी अंतिम सुनवाई में 10 दिसंबर को न्यायालय द्वारा दो सप्ताह का समय शासन को दिया गया था। गौरतलब है कि इस वक्त की गणना कार्यालयीन दिनों के आधार पर की जाती है। जनवरी के दूसरे सप्ताह में यह समय समाप्त होगा।



नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर बीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षक जल सत्याग्रह करते हुए।

- स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार को जारी आदेश में हाईकोर्ट के आदेश को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा
- डीएलएड सहायक शिक्षकों की सूची तैयार, जनवरी माह में की जाएगी जारी

### विश्लेषण कर दिए सुझाव

वहीं दूसरी ओर शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग से बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को अन्य पदों पर एडजस्ट किए जाने को लेकर सुझाव मांगे गए हैं। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, विभाग ने अपने स्तर पर रिक्त पदों की जानकारी संग सुझाव दे दिए हैं। जिन 2 हजार 900 बीएड अभ्यर्थियों को उनके पद से हटाया जाना है, उनके पास बीएड के अतिरिक्त और कौन सी योग्यता है, इसका भी विश्लेषण किया गया है। इसके अतिरिक्त इन अभ्यर्थियों को दूसरे पदों पर समायोजित करने विधिसम्मत मार्ग ढूंढा जा रहा है, ताकि इन्हें पुनः किसी तरह के विवाद की स्थिति निर्मित ना हो।

### कमेटी बनाने की तैयारी

डीएलएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने के बाद बीएड डिग्रीधारी 2 हजार 900 शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे। शासन इन्हें निकालने के मूड में नहीं है। इन्हें स्कूल शिक्षा विभाग में भी विभिन्न पदों पर एडजस्ट किया जाएगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग से सुझाव मांगे गए हैं। बीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने, रिक्त पदों का विश्लेषण करने और विधिवत मार्ग तलाशने सहित अन्य प्रक्रिया के लिए कमेटी बनाए जाने की तैयारी है। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट शासन को देगी। इसके आधार पर पदों से हटाए गए बीएड डिग्रीधारियों को नवीन पदों में स्थापना दी जाएगी।

## नौकरी बचाने पानी में उतरे सहायक शिक्षक, जल सत्याग्रह को पुलिस ने रोका



नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर बीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षक अपनी सेवा सुरक्षित करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच सोमवार को अभ्यर्थियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की तस्वीर लेकर सांकेतिक जल सत्याग्रह किया। धरनास्थल से हाथों में अलग-अलग स्लोगन वाली तख्तियों लेकर जल सत्याग्रह के लिए निकले आंदोलनकारियों को पुलिस ने रास्ते में रोक लिया। ऐसे में प्रदर्शनकारी पानी में उतरकर सांकेतिक जल सत्याग्रह कर विरोध जताने से नहीं चूके। धरनास्थल पर एक ही नारा एक ही मांग, समायोजन-मायोजन की गूंज रही। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर 12 दिनों से आंदोलन कर रहे बीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इससे पहले ही ये अभ्यर्थी ने सामूहिक मुंडन के अलावा हवन, इच्छामृत्यु की मांग, तेलीबांधा तालाब की सफाई कर शासन का ध्यान अपनी मांग के संबंध में आकर्षित करा चुके हैं। साथ ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले जाकर उनके मिलने की कोशिश की, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई।

### अनुनय यात्रा से की थी शुरुआत

बीएड सहायक शिक्षकों 14 दिसंबर को अंबिकापुर से रायपुर तक पैदल अनुनय यात्रा शुरू की। रायपुर पहुंचने के बाद 19 दिसंबर से यात्रा धरने में बदल गई। इस दौरान प्रभावित बीएड सहायक शिक्षकों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों को अपनी व्यथा सुनाने पत्र भी भेजे। धरना-प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने 22 दिसंबर को धरनास्थल पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाया। रक्तदान कर उन्होंने सरकार तक यह संदेश पहुंचाया कि समाज और देश की भलाई के लिए वे समर्पित हैं और शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### ये है मामला

0 हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों के पद के लिए केवल डीएड डिग्री होल्डर को ही उपयुक्त माना है।
0 छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट ने बीएड डिग्रीधारकों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया है।
0 कोर्ट ने 10 दिसंबर 2024 को 2 सप्ताह के अंदर यह प्रक्रिया पूरी करने कहा है।
0 साथ ही डीएड डिग्रीधारकों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति करने भी कहा गया है।
0 इससे बीएड डिग्रीधारी 2900 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में पड़ गई है।
0 अब बीएड धारक शिक्षक समायोजन की मांग कर रहे हैं।
0 आदेश पर रोक और न्यायपूर्ण अवसर की मांग कर रहे हैं।

# रॉयल्टी पर्ची बगैर रेत परिवहन, 12 गाड़ियां जब्त, खनिज विभाग सख्त

- देर रात तक चल रहा रेत का खेल, गाड़ी मालिकों पर अर्थदंड लगाया जा रहा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले में देर रात तक रेत का अवैध कारोबार चल रहा है। खनिज विभाग की टीम इस पर रोक लगाने रात में लगातार निरीक्षण कर रही है और इसमें संलिप्त बगैर रॉयल्टी पर्ची रेत से भरी गाड़ियों को पकड़कर जब्ती बना रही है, लेकिन इसके बाद भी यह कारोबार थम नहीं रहा है। इसी कड़ी में विभागीय टीम ने 28-29 की दरमियानी रात नवापारा, माना एवं अभनपुर क्षेत्र में जांच करते हुए रेत से भरी दर्जनभर गाड़ियों को पकड़कर उनके मालिकों के विरुद्ध अर्थदंड लगाने की कार्रवाई की है।

**तीन दिनों में रेत से भरी 30 गाड़ियां जब्त** : विभाग के उप संचालक केके गोलघाटे के निर्देश पर खनिज प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में टीम ने 26 एवं 27 दिसंबर को रात में कार्रवाई करते हुए खनिज सामग्री से भरी 21 गाड़ियों को पकड़ा था। इनमें 18 गाड़ियों में रेत भरी थी। इन सभी गाड़ियों में बिना रॉयल्टी पर्ची के खनिज सामग्री परिवहन कर ले जा रहे थे। इस कार्रवाई के बाद विभागीय टीम ने अब 28-29 दिसंबर की दरमियानी रात कार्रवाई करते हुए 12 गाड़ियों को पकड़ा।

इन सभी गाड़ियों में रेत भरी हुई थी। पूछताछ करने पर इन गाड़ियों के चालकों के पास भी रॉयल्टी पर्ची नहीं मिली, जिसके कारण इनकी जब्ती बनाकर संबंधित क्षेत्र के थाना परिसर में खड़ा किया गया है। वहीं इन गाड़ियों के मालिकों पर 27-27 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

### इनकी गाड़ियों पर कार्रवाई

अवैध रेत परिवहन में संलिप्त जब्त गाड़ियों के मालिक रायपुर के अलावा दुर्ग, गरियाबंद के निवासी हैं। इनमें रायपुर के अजय धर्मानी, टीकम साहू, महेश खत्री, टीकमराम साहू, शोभा साहू उतई दुर्ग, श्रेयांश बाफना अहिवारा दुर्ग, पोखन साहू पादुका गरियाबंद, किशन यादव लखना नयापारा, कुंजलाल साजा, कृष्णकुमार मेघा मगरलोड धमतरी, संजय साहू अभनपुर निवासी हैं।



### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक दी जानकारी

**रायपुर**। नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने सोमवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में राजनैतिक दलों एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न मदों जैसे वाहन, लाइट, माइक, शामियाना, डेकोरेशन, भोजन, वीडियोग्राफी एवं प्रचार सामग्री समेत विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय की मानक दर सर्वसम्मति से निर्धारित की।
इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया है, जिसके संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जानकारी दी गई।

# नए साल के पहले 13 पुलिस अफसरों की अदला-बदली, श्वेता सिन्हा रेल एसपी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- प्रशांत शुक्ला को रायपुर एएसपी ट्रैफिक का चार्ज

नए साल के दो दिन पूर्व सोमवार को गृह विभाग ने राज्य पुलिस सेवा के 13 अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। तबादला आदेश में श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा को रेल एसपी का चार्ज दिया गया है। बिलासपुर के एएसपी विवेक शुक्ला का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय किया गया है। वहीं प्रशांत शुक्ला को बतौर एएसपी ट्रैफिक रायपुर पदस्थ किया गया है।

जारी तबादला आदेश के मुताबिक, पीएचक्यू में पदस्थ एआईजी पंकज चंद्रा का स्थानांतरण सेनानी 13वीं वाहिनी कोरबा किया गया है। वहीं पीएचक्यू में एआईजी श्वेता सिन्हा को रेल एसपी बनाया गया है। कांकेर एएसपी जयप्रकाश बढ़ई का स्थानांतरण उपसेनानी 3री वाहिनी दुर्ग, एएसपी सक्ती रमा पटेल का स्थानांतरण उपसेनानी चौथी वाहिनी रायपुर, हरीश यादव दूसरी वाहिनी रायपुर एएसपी सक्ती बनाए गए हैं। जयंत वैष्णव एएसपी पुलिस अकादमी चंद्रखुरी से एएसपी एसटीएफ दुर्ग, विवेक शुक्ला एएसपी मुंगेली से एएसपी नवा रायपुर, राकेश कुमार कुर्रे 12वीं वाहिनी रामानुजगंज से एएसपी पखांजूर कांकेर, नीतीश कुमार ठाकुर एएसपी कांकेर से एएसपी कटघोरा कोरबा स्थानांतरित किए गए हैं। वहीं प्रशांत शुक्ला एएसपी कांकेर से एएसपी ट्रैफिक रायपुर, पंकज पटेल एएसपी कांकेर से एएसपी कोरबा, नेहा वर्मा एएसपी कोरबा से एएसपी विशेष शाखा बस्तर, उदयन बेहार एएसपी बिलासपुर से एएसपी ट्रैफिक जांजगीर-चांपा बनाए गए हैं।

### आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस 11 जनवरी को



**रायपुर**। प्रोफेसर कॉलोनी स्थित प्रांतीय कार्यालय में गत दिनों वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छग एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छग के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समाज की एकता के सूत्रधार विप्र प्रतीक आचार्य चाणक्य का स्मृति दिवस 11 जनवरी को शाम 4 बजे से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में मनाया जाएगा, जिसमें आचार्य चाणक्य के जीवन पर विद्वान वक्ता व्याख्यान देंगे एवं सनातन धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाना है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित समस्त दर्शकों से धार्मिक प्रश्न पूछे जाएंगे, सही उत्तर देने पर सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा एवं सर्वाधिक सही उत्तर देने पर स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# पोल्ट्री फार्म में मिली गंदगी लगाया 25 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- लभांडी के जयश्री पोल्ट्री फार्म संचालक पर 25 हजार जुर्माना

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने लभांडी के पोल्ट्री फार्म में गंदगी की शिकायत सही पाए जाने पर पोल्ट्री फार्म संचालक पर 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। साथ ही स्थल पर स्वच्छता व्यवस्था में सुधार करने निर्देश दिए। जनशिकायत पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की टीम ने यह कार्यवाही की।

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र के लभांडी में स्थित जयश्री पोल्ट्री फार्म में गंदगी की शिकायत वहां के रहवासियों ने की थी। नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के निर्देश और निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के नेतृत्व में पोल्ट्री फार्म की व्यवस्था का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान गंदगी से संबंधित जनशिकायत सही मिली। निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने पोल्ट्री फार्म संचालक को चेतावनी देते हुए स्थल की सफाई में कोताही बरतने पर 25 हजार रुपए जुर्माना लगाया।






हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



ब्रह्मा के कहने पर शिव मंदराचल पर्वत...


एजूकेशन अपडेट

## इग्नू की शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू



**रायपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू की जनवरी-2025 सत्र के दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं, उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र इग्नू के आधिकारिक वेबसाइब्ट www.ignou.ac.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इग्नू स्नातकोत्तर, स्नातक, पी.जी. डिप्लोमा, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों की पेशकश करता है। स्नातकोत्तर के उम्मीदवारों के लिए मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री एवं स्नातक पाठ्यक्रम के उम्मीदवारों के लिए मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं पास या समकक्ष होना आवश्यक है। प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है। दाखिले के लिए उम्मीदवार का फोटोग्राफ, स्कैन हस्ताक्षर, शैक्षणिक योग्ता प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, श्रेणी प्रमाण-पत्र, आयु प्रमाण-पत्र इत्यादि का कॉपी की जरूरत होगी।

### गलती सुधारने का दिया जाएगा मौका

उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म में अध्ययन का तरीका, कार्यक्रम का प्रकार, मुख्य विषय आदि की जानकारी भरनी होगी। आवेदन फॉर्म में गलती होने पर उसे सुधारने का मौका दिया जाएगा। इग्नू में दाखिला लेने के लिए छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और होमपेज पर दिए गए फेश एडमिशन लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद अपना व्यक्तिगत विवरण जैसे ई-मेल आई.डी. और मोबाइल नम्बर आदि डाले तथा मांगे गए दस्तावेज अपलोड करें। इसके बाद ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करें। दाखिला प्रक्रिया में उम्मीदवार द्वारा दर्ज किया गया नाम और अन्य विवरण शैक्षणिक दस्तावेजों के सामान होना चाहिए। इच्छुक छात्रों से अनुरोध है कि केवल अपनी रजिस्टर्ड ई-मेल आई.डी. का उपयोग करके ही पोर्टल पर लॉगिन करें और फीस का भुगतान करें। जनवरी 2025 सत्र में नामांकन की आखिरी तारीख 31 जनवरी 2025 है।

● रिहायशी कॉलोनियों में भी गीत-संगीत के साथ पारिवारिक माहौल में नए साल के स्वागत की तैयारी

# डीजे नाइट और बैंड से आज कॉलोनियों में मचेगी धूम, फैमिली संग न्यू ईयर सेलिब्रेशन

### शाम से शुरू होगा सांस्कृतिक प्रोग्राम

कचना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हर साल की तरह एक से चार ब्लॉक में रहने वाले करीब सौ फैमिली के लोगों द्वारा न्यू ईयर सेलिब्रेशन की तैयारी है। सुबह से कॉलोनी की पार्किंग में टेंट व डीजे के साथ बच्चों और युवाओं को सांस्कृति प्रस्तुति देने के लिए मंच भी सजाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर सोसाइटी के सचिव भूपेन्द्र कुमार जगत ने बताया कि शाम 7 से उत्सव का माहौल बनेगा। इसके लिए बच्चों और युवाओं ने प्रोग्राम पेश करने के लिए तैयारी भी की है। इनके द्वारा गीत-संगीत के साथ डांस परफॉर्मेंस भी रात 12 बजे तक दिया जाएगा।

### डीजे नाइट के साथ कॉम्पिटिशन

कैपिटल सिटी फेस-3 सड्डू में इस बार भी सोसाइटी के लोग नए साल का जश्न धूमधाम से मनाने की तैयारी में है। इस बार रंग-बिरंगी लाइटों के बीच डीजे नाइट से स्टेज गुलजार होगा। राजेश पांडेय इस सेलिब्रेशन को खास बनाने के लिए बच्चों में डांस और फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन करवाने वाले हैं। इसमें फैशन का जलवा भी बिखरेगा। साथ ही सिंगिंग का दौर चलेगा। कपल्स के बीच विभिन्न तरह के गेम्स होंगे। खुशनुमा माहौल में कॉलोनी के लोग फैमिली के साथ नववर्ष का स्वागत करेंगे। वहीं, इसके लिए सोसाइटी में बच्चों ने पहले से तैयारी शुरू की है।

> 'डीजे नाइट ही नहीं, बैड पर गीत-संगीत के साथ शहर की कई रिहायशी कॉलोनियों में नए साल पर धूम मचेगी। इसके लिए कॉलोनी के लोगों ने तैयारी को फाइनल रूप दिया। इस बार बड़ी सोसायटी के लोगों ने जनवरी में भी अलग-अलग दिन सांस्कृतिक आयोजन करने वाले हैं। कॉलोनियों में फैमिली के साथ लोग नए साल का स्वागत करने स्टेज भी सजाने वाले हैं। कई कॉलोनियों में बच्चों को डांस करने और फैशन शो का हिस्सा बनने का अवसर मिलने वाला है।'

**रायपुर।** समय के साथ अलग-अलग क्षेत्र की पॉश कॉलोनियों में भी अंग्रेजी नववर्ष के स्वागत का ट्रेड बढ़ने लगा है। लोग बड़े होटलों, पार्क और रेस्टोरेंट में जाने की बजाय जिस कॉलोनी, सोसाइटी में रहते हैं। वहीं, अपनों के बीच फैमिली के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन बड़े स्तर पर करने लगे हैं। इसमें रॉक बैंड, डीजे के साथ ही लोगों को इस



आयोजन से जोड़ने के लिए बच्चों, युवाओं ही नहीं, कपल्स को भी अलग-अलग तरह का टास्क देकर गेम्स का हिस्सा बनाया जाने लगा है।

इस बार मंगलवार की रात गीत-संगीत के साथ युवाओं के ग्रुप अपने डांस का जलवा बिखेंगे। इसके लिए सुबह से ही तैयारी का दौर चलेगा।



### लाइव म्यूजिक, बैंड से सजेगी रात

मारुति लाइफ स्टाइल में इस बार न्यू ईयर सेलिब्रेशन खास होने वाला है। कॉलोनी में रहने वाले तीन सौ से ज्यादा फैमिली के लोग इसका हिस्सा बनेंगे। शाम साढ़े 7 बजे से शुरू होने वाली सेलिब्रेशन पार्टी की तैयारी में जुटे किशोर अग्रवाल ने बताया कि लाइव म्यूजिक के साथ बैंड पर युवाओं और बच्चों के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। यह सिलसिला रात 12 बजे तक चलेगा। इस बीच लोगों को भोजन की सुविधा भी दी जाएगी। इस सेलिब्रेशन को रोचक बनाने के लिए कई तरह की प्रतियोगिताओं का दौर भी चलने वाला है, इसमें युवाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा रहेगी।



### बच्चों व कपल्स के लिए होंगे गेम्स

द पार्क साइड में इस बार कॉलोनी में रहने वाले 250 से ज्यादा फैमिली के बीच मनोरंजक माहौल न्यू ईयर सेलिब्रेशन के मौके पर बनने वाला है। इसके लिए रॉक बैंड के साथ डीजे पर युवाओं के ग्रुप इस सेलिब्रेशन में धूम मचाएंगे। क्योंकि बच्चों, युवाओं और कपल्स के लिए गेम्स भी होने वाला है। रात 8 बजे से शुरू होने वाले इस सेलिब्रेशन नाइट को लेकर शीतल उपाध्याय ने बताया कि इस साल बच्चों सहित युवाओं और कपल्स ने भी उत्सव का हिस्सा बनने के लिए तैयारी की है। इनमें प्रतियोगिता का सिलसिला रात 12 बजे तक चलने वाला है।



सिटी इवेंट

## प्रेम फैलाने और नफरत खत्म करने देशभर में नाचा का मंचन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोककला और संस्कृति का गढ़ है। इसी कला के भीतर नाचा या गम्मत भी है। नाचा या गम्मत प्राचीन, प्रसिद्ध व आकर्षक लोक नाट्यकलाओं में से एक है। इसमें कलाकार और दर्शक सभी स्थानीय छत्तीसगढ़ी भाषा को बोलने वाले होते हैं। नाचा में कई तरह के परंपरागत और लोक संगीत शामिल होते हैं, जिसमें कर्मा, ददरिया, सुआ, सोहर, पंथी, पंडवानी प्रमुख हैं। हरिभूमि ने नाचा थियेटर के दो कलाकारों निसार अली और देव नारायण साहू से बातचीत की। निसार अली बताते हैं कि नाचा या गम्मत का मंचन अमूमन रात को ही किया जाता है। नाचा में गीत, संगीत और अभिनय तीनों ही शामिल हैं। नाचा कलाकार दर्शकों को हंसाते-हंसाते रुलाने और रोते-रोते हंसाने का मांद्दा रखता है। नाचा धान की बालियों की सुगंध और ठंड में कुहरे का धुंध है। निसार बताते हैं कि जब नाचा का मंचन पेड़ के नीचे चौपालों में होता है तो पक्षी भी इससे जुड़ जाते हैं। नाचा का इतिहास काफी पुराना है। आरंग के नाचा कलाकार देव नारायण बताते हैं कि दर्शक नाचा को देखते हुए अपने जीवन के दुःख, दर्दों को कुछ क्षण भूल जाते हैं।

### आगे बढ़ रही है 'ढाई आखर प्रेम यात्रा'


नाचा थियेटर कलाकार निसार अली, देव नारायण साहू व अन्य साथी ढाई आखर प्रेम की यात्रा कर रहे हैं। जिसका मकसद समाज में प्रेम को फैलाना और नफरत को कम करना है। इसके तहत वे पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों में नाचा कला का मंचन कर चुके हैं। इसमें ये कलाकार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी आदि जरूरी मुद्दों पर हास्यापद तरीके से सरकार पर तीखा व्यंग करते हैं। 'ढाई आखर प्रेम' का नाचा के मंचन के दौरान दर्शक हंस-हंस कर लोटपोट और भावुक भी हो जाते हैं। आखिर में निसार और देव नारायण कहते हैं कि कला व नाटक का काम सच को ही कहना होना चाहिए।

### किसान और मजदूर हैं नाचा कलाकार

नाचा कलाकारों का क्या गुजर-बसर हो जाता है? इस पर निसार अली बताते हैं कि नाचा कलाकार आम आदमी है। वह किसान है, मजदूर है। कला के माध्यम से वह अपनी परेशानियों की अभिव्यक्ति करता है। देव नारायण बताते हैं कि नाचा का कलाकार आधा काला, आधा गेरुआ, नाममात्र के कपड़े पहने हुए कभी बूढ़े का तो बूढ़ी का पात्र निभाता है। वह लोगों को हंसाने के लिए पागल भी बन जाता है। कभी भूत बनकर लोगों को हंसते-हंसते लेटने को मजबूर कर देता है। नाचा में नजरिया नामक पात्र पुरुष होकर महिला का किरदार निभाता है।

## कैनवास में उकेरी शीतलहर की चांदनी रात, रचनाओं को भावों से किया जीवंत

**रायपुर।** कलाकारों ने प्रकृति के शीतलहर को कैनवास पर जीवंत किया है। चांदनी रात में बर्फ की बारिश के माहौल को कैनवास पर उकेरा है। जल, तैल रंग, कोलाज, पोस्टर, एक्रेलिक, स्याही, कम्प्यूटर ग्राफिक, फोटोग्राफ ,चारकोल, पेंसिल डाइंग एवं मिश्रित माध्यम का उपयोग किया है। विविध रंगों का भी उपयोग करते हुए पहाड़ों पर बर्फ की चादर ,बर्फ पर स्केटिंग का खेल, रात की ठंड में अलाव का सहारा, जानवरों के उन्माद, प्रकृति के शीतलता को भी कलाकारों ने रंगों के सही तालमेल से आकर्षक बनाया है। कलाकारों ने रचनाओं में भावों को भी बेहद सुन्दर तरीके से जीवंत किया है।





### कला प्रेमियों को प्रकृति के विविध रंग

महाकोशल कला परिषद में आर्ट गैलरी में देश में पड़ रही शीतलहर को परिभाषित करते विंटर कलर कला प्रदर्शनी का शुभारंभ सोमवार मुख्य अतिथि श्री अरुण अग्रवाल ने किया। इस प्रदर्शनी में कला प्रेमियों को प्रकृति के विविध रंग देखने को मिलेगा। प्रदर्शनी में भोपाल के परीयुल जैन, लखनऊ के धनंजय पवार, के पार्थ राय सागर -विशाखापटनम और माईनक भट्टाचार्या ने भी अपनी रचना को आर्ट गैलरी में सजाया है। इसमें प्रिशाका नाग, अमृता भट्टाचार्या, एवी आदित्य, शांभवी शर्मा सहित 20 से ज्यादा कलाकारों की रचनाओं को सजाया गया है।

## कचरा डस्टबिन में डालने किया जागरूक, स्वच्छता का संदेश भी

**रायपुर।** हरा भरा,स्वच्छ धरा उद्देश्य को लेकर स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति, छत्तीसगढ़ की टीम द्वारा लगातार 95 वें सप्ताह स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत नाड़ी वैद्य संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार देशमुख एवं संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल के मार्गदर्शन पर सेक्टर -9, हनुमान मंदिर में साफ सफाई कर प्लास्टिक बॉटल, पानी पाऊच, दोना, प्लास्टिक चम्मच, झिल्ली आदि अवांछित कचरे को इकट्ठा कर




डस्टबिन में डाला गया। प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल ने कहा कि यदि हर कोई स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक होकर जिम्मेदारी से कार्य करें तो वो दिन दूर नहीं अपना देश हरा भरा, स्वच्छ रहेगा।इसी कड़ी में हनुमान मंदिर के पंडित सूर्यकांत तिवारी ने लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि कचरा इधर उधर न फेंककर यहां डस्टबिन रखा हुआ है उसमें कचरा डालें। जैसे हम अपने शरीर को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही मंदिर परिसर, सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखें, जिससे हम बीमारी के शिकार नहीं होंगे।

कार्नर न्यूज




### स्वदेशी मेले के चौथे दिन मराठी व्यंजनों का उठाया लुत्फ

## मां काली ने रौद्र स्वरूप में राक्षसों का किया वध तलवारों की कलाबाजियां देख रोमांचित हुए लोग

**रायपुर।** स्वदेशी मेले में चौथे दिन सोमवार को सिख समाज की ओर से शौर्य प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सिख समुदाय द्वारा प्रदर्शित गतका की विस्मयकारी कला ने लोगों को रोमांच से भर दिया। भाई ताऊसिंह फाउंडेशन के प्रमुख राजवीर सिंह छाबड़ा और उनकी टीम द्वारा बर्फ की सिल्ली को सीने पर रखकर हथौड़े के प्रहार से तोड़ा गया।

तलवारों की कलाबाजियां दिखाई गईं। आंखों पर पट्टी बांधकर शरीर के आसपास रखे फलों और नारियलों को एक वार से काटा गया। इन सभी दृश्यों ने लोगों को उत्साहित किया। वहीं, महाराष्ट्र के लोक संगीत और नृत्य से भरी शाम ने मन को प्रफुल्लित कर दिया। लावणी की ताल, कोली, पोवाडा, बंजारा होली का दर्शकों ने भरपूर लुत्फ उठाया। मराठी व्यंजन पूरण पोली, चिवड़ा के स्वाद का भी लोगों ने खूब चटकारा लिया।

अलौकिक नृत्य प्रस्तुतियों पर झूम उठे लोग




शहर के कई स्कूल-कॉलेजों के युवाओं द्वारा शानदार सामूहिक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गईं। इसमें 70 से अधिक प्रतिभागियों का ऑडिशन लिया गया और 30 को चुना गया। प्रतिभागियों द्वारा छत्तीसगढ़ी, बस्तरिया, दक्षिण भारतीय, पंजाबी, हिन्दी और देशभक्ति गीतों पर अलौकिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। इन पर लोग खुशी से झूम उठे। इस दौरान सीएमबीडी के प्रबंधक सुब्रत चाकी, मेला संयोजक प्रवीण मैशेरी, सह संयोजक अमरजीत सिंह छबड़ा व मनीषा सिंह, महिला कार्य सह प्रमुख इला गुप्ता व इंदिरा जैन आदि मौजूद रहीं।

### सुरमय प्रस्तुति से लोग झूम उठे दर्शक

*मराठी समाज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल की प्रस्तुतियां प्रतिभा नलगुंडवार और अनघा करकशे ने सुमधुर सरस्वती वंदना से शुरू हुई। अंकिता किरवई ने सुमधुर भजन 'राम आएंगे आएंगे....' से प्रभावित किया। रचना ठेंगड़ी की कोरियोग्राफी में 'फुलला मधुमास नवा....' पर अंजलि काले, सृष्टि दंडवते, सुमिता रायजादा, कविता ठेंगड़ी शानदार कोआर्डिनेशन के साथ समूह नृत्य किया। सुमिता रायजादा की 'जयसतुते....' की सुरमय प्रस्तुति से लोग झूम उठे। संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित नाटक का बेहद प्रभावी मंचन किया। विविध कार्यक्रमों की मनोरंजक प्रस्तुतियों के बाद स्वदेशी मेले के मंच पर मराठी भाषा के जन जागरण की दिशा में तीन वर्षों से कार्य कर रहीं पद्मजा लाड को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। स्वदेशी मेले में महाराष्ट्र मंडल के मराठी व्यंजनों के विशेष स्टॉल कई घंटे तक लोगों की जबरदस्त भीड़ जुटी रही।*

**धर्म लाइव**

## माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय बैठक में 15 छात्राओं को मिलेंगे लैपटॉप

**रायपुर।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की त्रयोदश सत्र की आगामी राष्ट्रीय बैठक 10 से 12 जनवरी को होगी। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि द्वितीय कार्यकारिणी व कार्यसमिति की बैठक नागपुर के गोयंका फार्म हाउस में संपन्न होगी। महिला सशक्तीकरण के अंतर्गत गृह उद्योग करने वाली बहनों के लिए औद्योगिक मेला उद्यम वाटिका का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ द्वारा किया जाएगा। जहां मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी उपस्थित रहेंगी। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले माहेश्वरी समाज की 5 सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सफलता प्राप्त की है, उन्हें शक्ति वंदन सम्मान से नवाज़ा जाएगा। जिसमें मोहिनी देवी मोहंता, सिद्धि सोमानी जौहरी, किरण मुंदडा, कीर्ति नंदकिशोर भुराडिया सहित निवृत्ति चांडक का नाम शामिल है।

### पारंपरिक त्योहार पर मारवाड़ी भाषा में प्रस्तुति

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमारी मुख्यालय डॉक्टर बीके सुनीता द्वारा प्रेरक उद्बोधन दिया जाएगा। ज्योति राठी ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय महिला सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक भी संपन्न होगी। वहीं, सांस्कृतिक व पारंपरिक त्योहार पर मारवाड़ी भाषा में सुंदर प्रस्तुतियां होंगी। जिसमें प्रत्येक अंचल से 15 प्रतियोगी भाग लेंगे। साथ ही सभी प्रदेशों के अध्यक्ष व मंत्री अपनी रिपोर्टिंग प्रस्तुत करेंगे। नेपाल चैप्टर सहित 27 प्रदेशों से माहेश्वरी समाज की 32 स्वयं सिद्धा बहनों द्वारा 'मैं हूं स्वयं सिद्धा' कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। जिसके तहत अपने–अपने क्षेत्र में अपने आपको सिद्ध किया हुआ उनके जीवन पर प्रेरणादायक कहानी के कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

**सेजबहार में श्री शिव महापुराण कथा सुनने अंतिम दिन उमड़ा विशाल जनसैलाब**

# ब्रह्मा के कहने पर शिव मंदराचल पर्वत पर गए लेकिन काशी नगरी के प्रति नहीं त्याग सके मोह

सोमवार को श्री शिव महापुराण कथा सुनने के लिए सुबह 8 से 11 बजे का समय होने के बाद भी ढाई लाख से ज्यादा श्रोताओं का विशाल जनसैलाब पंडाल के बाहर मैदान में भी उमड़ा। शिव महिमा का का गुणगान करते हुए पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि एक लोटा जल में श्रद्धा-भाव होना जरूरी है।



**रायपुर।** बिना श्रद्धा के कितना भी भोलेनाथ की सेवा कर लो, उसका फल हमें नहीं मिलेगा। जहां पर हमारी श्रद्धा, हमारा भाव व भरोसा है। वैसे जगह पर भक्तों को एक लोटा जल से ही उसका फल मिल जाएगा। यह बात सेजबहार में जारी शिव महापुराण के अंतिम दिन महाराज ने श्रोताओं के बीच कही। उन्होंने कहा कि एक बार काशी विश्वनाथ का दर्शन करने जरूर जाएं।

### माता पार्वती ने कहीं और बसने कहा





महाराज ने बताया कि एक बार माता पार्वती ने भोलेनाथ से हिमालय पर्वत की जगह कहीं और बसने के लिए स्थान चुनने को कहा। शिव को इस संसार में राजा दिवोदास की वाराणसी नगरी बहुत पसंद आई। राजा दिवोदास ने ब्रह्माजी का तप किया और महादेव को वहां बसने नहीं दिया। ब्रह्मा के कहने पर शिव मंदराचल पर्वत पर चले गए।भगवान चले तो गए, लेकिन काशी नगरी के प्रति मोह नहीं त्याग सके। तब विष्णु ने राजा को तपोवन में जाने का आदेश दिया। उसके बाद से वाराणसी महादेव का स्थायी निवास हो गया।

### सभी देवी-देवताओं के लिए लोक

*कथा की अंतिम कड़ी में प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी, विधायक सुनील सोनी, देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन और युवा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण देवांगन भी पहुंचे। आयोजक कमल देवांगन, हेमंत देवांगन, विनोद देवांगन, भीखम देवांगन व दान सिंह देवांगन ने प्रमुख श्रोताओं की अगुवाई की। इनके बीच पं. मिश्रा ने कहा कि सभी देवी-देवताओं का अलग-अलग लोक है। ब्रह्मा जी ब्रह्मलोक में और विष्णु जी विष्णु लोक में रहते हैं। इंद्र देवजी इंद्रलोक में निवास करते हैं।*

### मृत्यु लोक में रहना स्वीकार किया

*वहीं, भोलेनाथ जिस लोक में रहने के लिए अपना महल बनाए थे, उसको रावण ने शिव से मांग लिया। भगवान ने हंसते हुए अपना घर रावण को दान कर दिया था। इसलिए, भगवान शंकर ने मृत्यु लोक को चुना की। भक्तों के कष्ट, भक्तों के दुख, भक्तों की तकलीफ देखने और उसे दूर करने के लिए मृत्यु लोक में रहना स्वीकारा। इसलिए भगवान भोलेनाथ को एक लोटा जल, अक्षत, बेलपत्र चढ़ाएं। इसे चढ़ाकर भक्त जो भी श्रद्धा भाव से भगवान भोलेनाथ से मांगते हैं निश्चित ही भक्तों की झोली वह भर देते हैं।*

**आराधना**

## सोमवती अमावस्या पूजा विधि-विधान से हुई संपन्न



**रायपुर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर दादाबाड़ी में खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत जिनमणिप्रभ सूरीश्वर की प्रेरणा से लगातार 7 वर्षों से पूनम व अमावस्या की आराधना साधना का विधान अविरल भाव भक्ति से जारी है। अध्यक्ष संतोष बैद ने पूजा के विधान को प्रारंभ करते हुए कहा कि इसी के साथ सबसे पहले नारियल, अक्षत समर्पण के साथ लाभार्थी परिवार ने संगीतमय बड़ी पूजा का प्रारंभ भजन गायक वर्धमान चोपड़ा ने 'गुरु पार्टिख सूर तरु रूप सुगुरु दूजो तो नहीं का साथ' गाया। अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि सर्वप्रथम अष्ट प्रकारी पूजा के आठ विधान क्रमशः जल, चंदन, पुष्प, धूप, दीप, अक्षत, नैवेद्य, फल के साथ पूर्ण विधि विधान व संगीतमय चौपाइयों के साथ लाभार्थी परिवार ने संपन्न किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भक्तिमय पूजा महोत्सव में निर्मल पारख व दिप्ती बैद ने भी कैसे-कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी मोको सबल भरोसा तेरा चंद्रसुरी पट्ट धारी के गुरु महिमा वर्णन के भजन से भक्ति रस में सभी को आकंठ में डूबा दिया। विधान में मुख्य रूप से श्री पदम गोलछा ट्रस्टी महेन्द्र कोचर, संतोष झाबक, शरद चोपड़ा, प्रसन्न चोपड़ा, गगन बरडिया, प्रमोद टाटिया, सुशीला देवी गोलछा, कुमारी विदुषी, विभूति, वंशिका चोपड़ा समेत कई भक्तजन उपस्थित रहे। अमावस्या को दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के लाभार्थी तरुण कुमार, मोहित कोचर, अशोक अरुणा कोठारी, मोहन लाल, मनीष नमन पगारिया, मनोहर लाल पुगलिया परिवार हैं।

### रंग-बिरंगी लाइट से बदला मरीन ड्राइव का नजारा



रायपुर। राजधानी का मरीन ड्राइव अब रात में और भी खूबसूरत हो चुका है। यहां लगी रंग-बिरंगी लाइट लोगों को आकर्षित कर रही है। चारों तरफ आकर्षक लाइट से मरीन ड्राइव का नजारा ही बदल गया है। यहां सेल्फी पाइंट में भी अब रात के समय बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। दिन के साथ- साथ अब रात में भी यह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।






## समूह में उपनयन संस्कार, 38 बटुकों के परिजनों ने दी सहमति

**रायपुर।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज इस बार भी निःशुल्क जनेऊ संस्कार का आयोजन करने वाला है। इसका फायदा ज्यादा से ज्यादा लोग ले सकें, इसके लिए पंजीयन का सिलसिला चल रहा है। समाज के ऐसे लोग जो छूट गए हैं बटुक के आधार कार्ड के साथ 31 दिसंबर को भी सहमति के साथ ही उनका नाम रजिस्टर्ड करवा सकते हैं। समाज के प्रमुख डॉ. सुरेश शुक्ला की अध्यक्षता में तुलसी भवन संजय नगर में आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी भी तय की गई। मीटिंग में तय किया गया कि निःशुल्क जनेऊ संस्कार की रूपरेखा को मंगलवार को होने वाले पंजीयन के बाद अंतिम रूप देंगे।



### किसी तरह का शुल्क देय नहीं

**सरयूपारीण ब्राह्मण समाज करेगा निशुल्क आयोजन**

*आयोजन प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक 38 बटुकों का नाम दर्ज हुआ है। मंगलवार को पंजीयन का अंतिम दिन है। जनेऊ संस्कार के लिए जिनके माता-पिता सहमति देंगे, उनको 13 व 14 फरवरी को आयोजन का हिस्सा बनाया जाएगा। इसमें किसी तरह का शुल्क देय नहीं है। बटुकों के लिए पीले रंग का परिधान अनिवार्य है। प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि बैठक में वैदिक विधि से बटुकों के व्रतबंध की तैयारी है। अध्यक्ष डॉ. शुक्ला ने बताया कि इसके लिए चार समितियों का गठन किया गया है।*

### आयोजन के लिए प्रभारी तय

*भवन व्यवस्था राजेंद्र शर्मा और कैलाश तिवारी को और मंडप तैयार करवाने की जिम्मेदारी बैजनाथ मिश्र, अंकुश शुक्ला को दी गई है। भोजन व्यवस्था प्रमोद उपाध्याय, रामहृदय तिवारी संभालेंगे। सत्कार समिति संगम लाल त्रिपाठी और आर.एल. द्विवेदी को दी गई है। वहीं, मुख्य आचार्य यदुवंशमणि त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 13 फरवरी को शाम तीन बजे बटुकों को मांगर माटी का विधान धूमधाम से किया जाएगा।*

**समाज इवेंट**

## जीवनसाथी चुनने विवाहयोग्य युवक-युवतियों ने दिया परिचय



**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा कान्यकुब्ज समाजिक चेतना मंच के 29 वां पारिवारिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही साथ भारतवर्ष के अनेक राज्यों से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के परिवारों ने भाग लिया। दिन भर चले सम्मेलन में सौ से अधिक परिवारों ने विवाह योग्य प्रस्ताव की जानकारी प्राप्त की। पारिवारिक संबंधों का, संस्कारों को और अधिक सुदृढ़ीकरण बनाने की अनमोल धरोहर को निरंतर आत्मसात कर विस्तार का पूर्ण ध्यान रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### बुजुर्गों को मिला कौस्तुभ सम्मान

इस अवसर पर कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच पारिवारिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ अनेकों राज्यों से आए कान्यकुब्ज ब्राह्मण युवक–युवतियों ने अपने परिवारों के साथ परिचय का आदान-प्रदान किया। समाज के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सदस्यों को उनके अमूल्य योगदान और समाज में भागीदारी के लिये कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित भी किया गया। इसमें पंडित अशोक कुमार शुक्ला, संरक्षक सदस्य तथा आजीवन सदस्य पंडित महेश कुमार शुक्ला, पंडित अवधेश नारायण द्विवेदी, पंडित संतोष पाण्डेय एवं पंकज द्विवेदी को कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित किया गया।

**14 जनवरी को मनाया जाएगा मकर संक्रांति का पर्व, शुरू होंगे मांगलिक कार्य**

# 19 साल बाद मकर संक्रांति पर मंगल पुष्य योग, सूर्य शनि की मकर राशि में करेंगे प्रवेश, खरीदारी-दान पुण्य से मिलेगा अक्षय लाभ

**कार्नर न्यूज**

मकर संक्रांति का पर्व 2025 में 14 जनवरी को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी घरों में शुरू हो चुकी है। इस बार संक्रांति विशेष योग व संयोग लेकर आ रहा है। इस दिन भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही मंगल पुष्य योग भी बन रहा है। खास बात यह है कि 19 साल बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है। जिसमें खरीदारी, दान, पुण्य आध्यात्मिक कार्यों से अक्षय पुण्य फल मिलता है।

**रायपुर।** ज्योतिषीय के मुताबिक सूर्यदेव के मकर राशि में प्रवेश करने के दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है। इसी दिन खरमास भी खत्म होता है और शुभ कार्य फिर से शुरू होते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 को माघ मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि पर मंगलवार के दिन है। इसी के साथ पुष्य नक्षत्र का भी संयोग है। इससे इस दिन स्वग्रही मंगल पुष्य योग या भोम पुष्य योग बन रहा है, जिससे मकर संक्रांति का महत्व बढ़ गया है।



### दान, पुण्य व आध्यात्मिक कार्यों से मिलेगा लाभ

ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इस दिन विकास संबंधी कार्य और खरीदारी से उन्नति, जबकि दान, पुण्य आध्यात्मिक कार्यों से अक्षय पुण्य फल प्राप्त होगा। संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से शनि की मकर राशि में प्रवेश करेंगे। वैदिक पंचांग शास्त्र अनुसार वर्ष का राजा भी मंगल है और उत्तरायण में भी सौरमंडल के सेनानायक मंगल है। इसका सनातन हिंदू वैदिक धर्म संस्कृति में विशेष महत्व है। इस दिन शुभ कार्य पुण्य फलदायक माने जाते हैं।

### सूर्य की रोशनी से स्वास्थ्य लाभ



वैसे तो कुल बारह राशि में बारह संक्रांति होती है, पर मकर में सूर्य उत्तरायण होते हैं, जो शुभता का प्रतीक है। इसलिए मकर संक्रांति का विशेष महत्व होता है। इस दिन अंधकार का नाश होता है, रोगग्रस्त जातक बच्चों को सूर्य की रोशनी से स्वास्थ्य संबंधित लाभ होता है। शुभ मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, पुष्य नक्षत्र को बहुत शुभ माना गया है। इसे पुष्यमी या पूनम के नाम से भी जाना जाता है। यह नक्षत्र विकास, शुभता, धन, समृद्धि और आध्यात्मिक विकास का प्रतिनिधित्व करता है। ऋग्वेद में पुष्य को मंगल कर्ता, वृद्धि कर्ता और सुख-समृद्धि देने वाला भी कहा गया है।

### इस समय मनाई जाएगी संक्रांति

इस दिन सूर्यदेव मकर में सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर प्रवेश करेंगे। यह समय मकर संक्रांति का क्षण होगा। सूर्य उत्तरायण होने के साथ दिन बदलते हैं और बड़े होने लगते हैं। सूर्य ने अग्नि को प्रतिपदा तिथि दी है, जिसके स्वामी ब्रह्म भी है। उत्तरायण होने पर सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन किया जाता है।

सिटी स्पोर्ट्स

# सालासर प्रीमियर लीग में तीन मैच




**रायपुर।** सालासर प्रीमियर लीग सरोना में रविवार को तीन मैच हुए पहले सालासर सुपर किंग्स वर्सेस सालासर अवेंजर का मैच हुआ। इसमें अवेंजर ने 55 रन का लक्ष्य दिया, जिसको सुपर किंग्स ने आठ ओवर में ही रन बना लिए, दूसरे मैच में सालासर नाइट राइडर वर्सेस सालासर डेयरडेविल के बीच हुआ सालासर डेविल ने 78 रन बनाएं। इसके जवाब में आठ ओवर दो बाल में नाइट राइडर ने जीत हासिल की। इसमें संयम अग्रवाल ने शानदार बैटिंग करते हुए 71 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे मैच में सालासर सुपर किंग्स वर्सेस सालासर ब्लू आईज बॉयज के बीच हुआ।

- **संयम अग्रवाल ने शानदार बैटिंग करते हुए 71 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे**

इसमें सालासर सुपर किंग्स ने 100 रन का लक्ष्य सालासर ब्लू आईज को दिया। ब्लू आईज 10 ओवर में 84 रन ही बना पाई। पांच विकेट के नुकसान पर और सुपर किंग ने मैच जीत लिया। इस मैच में राकेश खुटेश्वर ने 25, शशांक साहू ने 22 रन बनाए। एक विकेट लिया जो की मैन ऑफ द मैच रहे, मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार सालासर महिला मंडल प्रमुख सुनीता सत्संगी, हरपाल सिंह भामरा एवं विवेक बर्मन के द्वारा दिया गया ।

# नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिपः छत्तीसगढ़ को तीन स्वर्ण के साथ 10 पदक



**रायपुर।** कर्नूल आंध्र प्रदेश में आयोजित 8वीं नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में छत्तीसिगढ के खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित 10 पदक जीते हैं। स्वर्ण पदक जीतने वालों में अंडर- 19 कैटेगरी में तुमेश्वरी साहू व मिनाक्षी साहू और अंडर- 14 वर्ग में खिलेंद्र साहू शामिल हैं।

27 और 28 दिसंबर को आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की 11 खिलाड़ियों की टीम ने महिला कोच और महाराष्ट्र मंडल की सह सचिव मालती मिश्रा और पुरुष वर्ग के कोच प्रवीण क्षीरसागर के मार्गदर्शन में भरपूर जोश और जुनून के साथ हिस्सा लिया। मालती मिश्रा के मुताबिक अंडर-19 वर्ग में तेलंगाना और महाराष्ट्र की टीम को चित करते हुए हमारी खिलाड़ी तुमेश्वरी साहू और मिनाक्षी साहू ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-14 में खिलेंद्र साहू ने तमिलनाडु के खिलाड़ी को सीधे मुबाकले में चारों खाने चित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग के अंडर- 17 के फायनल में पुष्कर साहू ने तेलंगाना के खिलाड़ी से परास्त होने के बाद सिल्वज मेडल हासिल किया। इसी तरह अंडर- 14 में तारक साहू आंध्र प्रदेश के फायटर से पराजित होकर रजत पदक प्राप्त किया। अंडर- 14 कैटेगरी में अक्षत चंद्राकर ने भी रिंग में कमाल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर जीता। चित्रांश साहू ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के खिलाफ शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ महिला टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी वर्तिका क्षीरसागर ने अपने वर्ग में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के खिलाड़ियों के साथ रिंग फाइट करते हुए ब्रांज मैडल जीता।

- **तुमेश्वरी, मिनाक्षी व खिलेंद्र साहू ने जीता सोना, वर्तिका को चांदी**

छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के महासिचव ओपी कटारिया ने बताया कि पहली बार में प्रदेश की 11 सदस्यीय टीम को तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ कुल 10 मैडल मिले। चैंपियनशिप में 22 राज्यों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। एसोसिएशन के संरक्षक व महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, अध्यक्ष चेतन गोविंद दंडवते ने आंध्रा में आयोजित रिंग फाइट चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों को उनके उच्चर स्तरीय प्रदर्शन और सफलता पर बधाई दी और कहा कि भविष्य में कभी भी रिंग फाइट के अभ्याक के लिए खिलाड़ियों को किसी भी तरह के संसाधन व सुविधा की जरूरत होगी, तो हम उसे तत्काल पूरा करेंगे। साथ ही उन्हें प्रोत्साीहित करेंगे।

### आमतौर पर लोग बनाते हैं आम, नींबू या मिर्च के अचार

# सर्दियों में बनाकर खाएं इन चीजों के अचार बढ़ेगा खाने का स्वाद और मिलेगी गर्माहट

सर्दी का मौसम आते ही खान-पान की चीजों में बदलाव आ जाता है। इस मौसम में अचार का खास महत्व होता है, क्योंकि ये न केवल खाने का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। आमतौर पर लोग आम, नींबू या मिर्च के अचार बनाते हैं। हालांकि, आज हम आपको 5 ऐसे अचारों की रेसिपी बताएंगे, जिनका स्वाद अलग होता है। ये अचार आपके भोजन को नया स्वाद देंगे और ठंडक से भी बचाएंगे।



## आंवला और अदरक का तीखा अचार

आंवला और अदरक का अचार सर्दियों की ठंडक को मात दे सकता है। इसे बनाने के लिए आंवले को उबालकर उसके बीज निकाल लें और अदरक को बारीक काट लें। अब दोनों सामग्रियों को सरसों के तेल में भूनें और उसमें मेथी, राई, हल्दी और लाल मिर्च डालें। अंत में इसमें नींबू का रस मिलाएं, ताकि अचार की खट्टास बढ़ जाए। यह अचार विटामिन C से भरपूर होता है, जो आपकी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

## कटहल का चटपटा अचार

अगर आप कुछ अलग और अनोखा बनाना चाहते हैं तो पंजाबी स्टाइल वाला कटहल का अचार चुनें। इसके लिए कटहल को छोटे टुकड़ों में काटकर उबाल लें, ताकि वह नरम हो जाएं। इसे सरसों के तेल में भूनें और उसमें जीरा, अजवाइन, हल्दी और धनिया पाउडर डालें। इसके बाद इसमें अमचूर पाउडर डालकर अच्छी तरह मिलाएं, ताकि सभी मसाले अच्छी तरह घुल जाएं। इस मिश्रण को कुछ दिनों तक धूप में रखें, ताकि इसका स्वाद बेहतर हो सके।

## करौंदे और लहसुन का कश्मीरी स्टाइल अचार

करौंदे और लहसुन का कश्मीरी स्टाइल अचार आपके भोजन के स्वाद को दोगुना कर सकता है। करौंदे की खटास और लहसुन की तासीर मिलकर एक अनोखा स्वाद देती है, जिसे आप भूल नहीं पाएंगे। करौंदे को धोकर सुखा लें, फिर इन्हें लहसुन की कलियों के साथ सरसों के तेल में भूनें। इसमें कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर डालें, ताकि इसका रंग गहरा हो जाए और स्वाद भी बढ़िया हो सके। इसे धूप में सूखने दें और आनंद लेकर खाएं।

## सहजन के फूलों का दक्षिण भारतीय अचार

सहजन के फूलों का दक्षिण भारतीय अचार तैयार करने के लिए सबसे पहले सहजन के फूलों को सुखाकर पीसा जाता है। इसके बाद इसमें नारियल के तेल के साथ करीपत्ता, राई दाना और अन्य जरूरी सामग्री मिलाई जाती है। यह अचार न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें स्वास्थ्य लाभकारी गुण भी होते हैं। इसका विशिष्ट सुगंधित प्रभाव इसे खास बनाता है, जो दक्षिण भारतीय व्यंजनों के साथ बढ़िया लगता है।

# सर्दियों में बालों की तेल मालिश करने से मिलते हैं कई लाभ

गर्मियों में तो सभी तेल मालिश कर लेते हैं, लेकिन सर्दी के मौसम में कुछ लोग बालों में तेल डालने से परहेज करते हैं। हालांकि, इस मौसम में बालों की देखभाल के लिहाज से ऐसा करना जरूरी होता है। सर्दियों के दौरान बाल रूखे हो जाते हैं और रूसी की परेशानी भी बढ़ने लगती है। बालों की इन समस्याओं से बचने के लिए सर्दी के मौसम में भी तेल लगाना चाहिए। आइए ऐसा करने के 5 मुख्य लाभ जानते हैं।



## सुधरता है रक्त संचार

सर्दी के मौसम में आपको बालों में तेल लगाने के बाद सिर की मालिश भी करनी चाहिए। ऐसा करने से ऑक्सीजन और पोषक तत्व बालों तक अच्छी तरह पहुंच पाते हैं और रक्त संचार बढ़ जाता है। इसके जरिए बाल जल्दी लंबे होने लगते हैं और उनका टूटना भी काफी हद तक कम हो जाता है। साथ ही, इससे बालों की मजबूती भी बढ़ती है और उन्हें घना बनाने में भी मदद मिलती है।

## पर्यावरणीय नुकसान से होती है बालों की सुरक्षा

सर्दी के मौसम में नमी बेहद कम हो जाती है और ठंडी हवाएं चलने लगती हैं। इन पर्यावरणीय बदलावों का प्रभाव बालों पर भी पड़ता है, जिनके कारण वे रूखे हो जाते हैं और टूटने लगते हैं। अगर आप इस मौसम में तेल लगाएंगे तो वह एक सुरक्षात्मक परत की तरह काम करेगा और बालों को पर्यावरणीय क्षति से बचाएगा।

## बाल हो जाते हैं हाइड्रेट

सभी के सिर की त्वचा पर प्राकृतिक तेल मौजूद होते हैं, जो ठंडे तापमान के कारण सूख जाते हैं। इससे बालों का रूखापन बढ़ता है, सिर की त्वचा शुष्क हो जाती है और रूसी होने लगती है। ऐसे में आपको हफ्ते में एक बार नारियल तेल, बादाम के तेल या आर्गन तेल से मालिश करनी चाहिए।

## बढ़ती है बालों की चमक

बदलते मौसम के कारण कई लोगों के बालों की चमक खो-सी जाती है। ऐसे लोगों को चमक वापस पाने के लिए नियमित रूप से तेल लगाना चाहिए। बालों में तेल लगाने से वे मुलायम हो जाते हैं, जिससे बालों का झड़ना कम हो जाता है और वे चमकदार बन जाते हैं। जैतून या अरंडी के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो बालों को मुलायम बना सकता है और उनकी चमक को बरकरार रखने में मदद कर सकता है।

**रूसी और संक्रमण से होता है बचाव :** सर्दी के कारण होने वाली शुष्कता से संक्रमण और रूसी की संभावना बढ़ जाती है। इन समस्याओं का निवारण करने के लिए आपको तेल जरूर लगाना चाहिए। टी ट्री और नीम जैसे तेलों में टेरपिनन-4-ओल और निम्बिडिन जैसे यौगिक मौजूद होते हैं, जो फंगस और बैक्टीरिया के विकास को रोकते हैं।

# सर्दियों में अपनी डाइट में शामिल करें ये सूपरफूड्स, रहेंगे बढ़ेगी इम्युनिटी

सर्दियों में भरवां परांठा, क्रीमी सूप और गाजर का हलवा जैसे व्यंजन वजन को बढ़ा सकते हैं क्योंकि ये अधिक कैलोरी और फैट्स से युक्त होते हैं। इसलिए अगर आप वजन प्रबंधन की कोशिश कर रहे हैं तो इन व्यंजन की जगह कुछ सुपरफूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। इसका कारण है कि वे हाई फाइबर, प्रोटीन, आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो सर्दियों में आपको स्वस्थ और फिट रख सकते हैं।



**मैग्नीशियम का एक समृद्ध स्रोत बाजरा :** बाजरे में मौजूद प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और विटामिन्स जैसे आवश्यक पोषक तत्व इसे खास बनाने का काम करते हैं। यह मैग्नीशियम का भी एक समृद्ध स्रोत है, जो ब्लड प्रेशर और दिल के दौरे के खतरे को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। बाजरे से बने व्यंजनों का सेवन पाचन से संबंधित समस्याओं को दूर करने में भी मदद कर सकते हैं। यहां जानिए 5 तरह के अनाज के दूध का सेवन करने के फायदे।

**फाइबर, पोटेशियम और फास्फोरस से भरपूर ज्वार :** ज्वार की खेती भारत में बड़े स्तर पर की जाती है। ये फाइबर, पोटेशियम और फास्फोरस आदि पोषक तत्वों से भरपूर होता है। पोटेशियम और फास्फोरस खून में खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है और हाई ब्लड प्रेशर के साथ-साथ ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने में सहायक हो सकता है, जबकि फाइबर पाचन के लिए बहुत जरूरी होता है। यहां जानिए ज्वार को डाइट में शामिल करने के तरीके।

**विटामिन बी 3 का स्रोत उड़द की दाल :** उड़द की दाल में मौजूद कम वसा और कैलोरी पाचन में सुधार कर सकती है, जबकि प्रोटीन और विटामिन-बी3 का बेहतरीन स्त्रोत होने के कारण यह हड्डियों को मजबूत करने, ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने और तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ रखने जैसे काम कर सकती है। सर्दियों के दौरान आप उड़द की दाल का सलाद, साल्सा और बरिटो जैसे व्यंजन बनाकर खा सकते हैं। यहां जानिए सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने वाले सुपरफूड्स।



# अगर आप स्वस्थ तरीके से मनाना चाहते हैं नए साल का जश्न, तो अपनाएं ये तरीके

आज रात से ही 2024 को अलविदा कहने और नए साल का स्वागत करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा और देर रात तक आयोजन होते रहेंगे। इस दौरान लोग अपने करीबियों के संग मिलकर पार्टी करते हैं और जश्न मनाते हैं। हालांकि, नए साल के मौके पर लोग सेहत की फिक्र किए बिना ही अधिक कैलोरी वाले व्यंजनों का सेवन कर लेते हैं। इस साल आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और इन स्वस्थ तरीकों के जरिए ही इस त्योहार का आनंद लेना चाहिए।

## शराब का सेवन न करें

नए साल के जश्न के दौरान कई लोग शराब का सेवन करते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है। शराब के सेवन को जहां समाज भी हेय दृष्टि से देखता है वहीं इसके कारण कई दुर्घटनाएं और विवाद तक हो जाते हैं। शराब के सेवन से न केवल अपना बल्कि दूसरों का भी आनंद खराब हो जाता है। इधर शराब के सेवन से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, लिवर खराब होता है। आप इसकी जगह नए साल पर संतुलित मात्रा में जूस, मिल्क शेक, कॉफी या चाय जैसे पेय पदार्थ पी सकते हैं।

## पौष्टिक खाद्य पदार्थों को मेन्यू में शामिल करें

नए साल के मौके पर स्वस्थ खाद्य पदार्थों और व्यंजनों का चयन करना सेहत के लिए अच्छा हो सकता है। अपनी पार्टी में चिप्स, बिस्कुट, कोल्ड ड्रिंक और कैंडी जैसे स्नैक्स न रखें। इनके बजाय आप पार्टी के मेन्यू में फल, मेवे, सलाद और ताजे फलों के जूस जैसे व्यंजन शामिल कर सकते हैं। नए साल पर ऐसे व्यंजनों का सेवन करें, जो वजन बढ़ाने में योगदान न देते हों और चीनी व प्रिजर्वेटिव्स से रहित हों।



## डांस जैसी मजेदार गतिविधियां करें

नया साल दोस्तों और परिवार वालों के साथ मिलकर जश्न मनाने का सबसे अच्छा मौका होता है। इस दिन आपको आलस से बचना चाहिए और मजेदार गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। आप नए साल की पार्टी के दौरान डांस कर सकते हैं, खेलों का आनंद ले सकते हैं या यात्रा पर जा सकते हैं। इन गतिविधियों के जरिए आपका शरीर ऊर्जावान और सक्रिय रहेगा और आप सेहतमंद भी रह सकेंगे। जानिए विभिन्न देशों में कैसे मनता है नया साल।

## भूख से ज्यादा खाने से बचें

नए साल जैसे सभी अन्य त्योहारों पर लोग भूख और जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं। ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से हानिकारक होता है और कब्ज, दस्त, उलटी और बेचैनी जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। ऐसे में नए साल की पार्टी के दौरान उतना ही खाना खाएं, जितनी आपको भूख हो। लालच में आकर अधिक भोजन न करें और अपनी दैनिक कैलोरी की मात्रा को भी ध्यान में रखें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्फटर दोहड़ | कम्बल रजाई | प्रोटेक्टर | तकिया | सोफा कमबेड | रजाई-गद्दा कव्हर | टावेल | रुई गद्दा | सोफा कव्हर
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर
मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रसूलोफ की फिल्म से सेंसर किया गया हिजाब जलाने वाला सीन




केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने हाल ही में ईरानी फिल्म निर्माता मोहम्मद रसूलोफ की राजनीतिक थ्रिलर 'द सीड ऑफ द सेक्रेड फिग' में कुछ संपादन के निर्देश दिए। इसमें धूम्रपान के उपयोग से संबंधित मानक अस्वीकरण और उपशीर्षक जोड़ना शामिल है। हालांकि, एक विशेष मांग ने विवाद को जन्म दे दिया है। सीबीएफसी ने हिजाब जलाने वाले दृश्यों को हटा दिया है, जो ईरान के 'महिला, जीवन, स्वतंत्रता' आंदोलन में प्रतिरोध का प्रतीक है। भारतीय वितरण टीम का एक करीबी अंदरूनी सूत्र सीबीएफसी के फैसले से निराश था। उन्होंने एक मीडिया हाउस को बताया, 'हम कुछ मुख्य सीन को हटाने के आदेश से निराश हैं। वे क्षण कहानी के केंद्र में हैं, जो विद्रोह की भावना का प्रतीक है जिसे फिल्म उजागर करना चाहती है। वर्तमान माहौल को देखते हुए, सीबीएफसी संभावित प्रतिक्रिया के बारे में सतर्क थी लेकिन इन सीन को काटना कलात्मक अखंडता पर एक समझौता जैसा लगेगा।' ईरान में गुप्त रूप से फिल्माई गई 'द सीड ऑफ द सेक्रेड फिग' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिली है। इसने कान और अन्य प्रमुख फिल्म समारोहों में पुरस्कार जीते हैं। निर्माता जीन-क्रिस्टोफ साइमन ने प्रोडक्शन के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने खुलासा किया, 'शूटिंग एक थ्रिलर की तरह महसूस हुई।

### टॉलीवुड

## हॉरर फिल्म में नजर आएंगे नागा चैतन्य कार्तिक वर्मा दंडू करेंगे निर्देशन



साउथ अभिनेता नागा चैतन्य फिल्म धूता में नजर आए थे। फिल्म धूता ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को प्रंशसक की साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस हॉरर फिल्म के अलावा नागा एक और हॉटट फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म को विरुपाक्ष के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2023 में प्रीमियर होने वाली अमेजन प्राइम सीरीज धूता के बाद, नागा चैतन्य एक धासूं सुपरनैचुरल थ्रिलर जॉनर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। नागा चैतन्य विरुपाक्ष फेम कार्तिक वर्मा दंडू के निर्देशन में एक और सुपरनैचुरल थ्रिलर पर काम कर रहे हैं। हाल ही में अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला के साथ एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधने वाले नागा चैतन्य को अगली बार भावनात्मक समुद्र तटीय प्रेम कहानी थंडेल में देखा जाएगा। इस फिल्म में नागा के साथ साई पल्लवी नजर आएंगी। नागा चैतन्य फिल्म थंडेल में एक मछुआरे की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह पहली बार है, जब वह एक ग्रामीण किरदार निभा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अरविंद ने इस फिल्म का निर्माण 60 करोड़ रुपये के बजट पर किया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह नागा चैतन्य की अब तक की किसी भी फिल्म का सबसे बड़ा बजट है। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## रानी चटर्जी 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' के सेट पर खाना पकाती आईं नजर



बड़की बहू छोटकी बहू फेम भोजपुरी फिल्म जगत की खूबसूरत और सफल एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' के सेट से एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मिट्टी के चूल्हे पर खाना पकाती दिखाई दीं। एक्ट्रेस ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग में सबसे अच्छी बात क्या है। आगामी फिल्म से जुड़ी पोस्ट हो या जिंदगी से जुड़ी कोई और अपडेट, भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने प्रशंसकों को नए-नए पोस्ट से मुखातिब कराती रहती हैं। आगामी फिल्म 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' के सेट से इंस्टाग्राम पर एक ताजा पोस्ट शेयर कर रानी चटर्जी ने कैप्शन में गांव के लिए एक लाइन में ही अपने जज्बात को उतार दिया। उन्होंने लिखा, 'फिल्म की शूटिंग की सबसे अच्छी बात है कि इससे गांव के जीवन का बहुत अच्छा अनुभव मिलता है। 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' के सेट पर।' रानी चटर्जी इंटरनेट पर छाई रहती हैं। हाल ही में उन्होंने 'माइके के टिकिट कटा दी पिया' सेट से एक पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को बताया था कि सर्दी बढ़ चुकी है। तस्वीरों में अभिनेत्री लाल रंग की साड़ी के साथ शॉल ओढ़े नजर आईं।

## लाइफ स्टाइल


## मोनालिसा की तरह बनवाएं ब्लाउज

साड़ी का असली लुक तो तभी निखर कर आता है, जब उसका ब्लाउज भी स्टाइलिश ढंग में स्टिच कराया जाए। ऐसे में सही ब्लाउज डिजाइन चूज करना बेहद जरूरी हो जाता है। भोजपुरी क्वीन मोनालिसा के साड़ी लुक्स फैंस को खूब पसंद आते हैं। उनकी साड़ियों का कलेक्शन बहुत शानदार है। साथ ही उनके ब्लाउज डिजाइन भी बहुत ही फैंसी और यूनिक होते हैं। आप भी उनके ब्लाउज डिजाइन जैसा ही कुछ अपने लिए भी स्टिच करा सकती हैं।



## फटे होंठ कहीं बन न जाएं शर्मिंदगी की वजह, इन घरेलू तरीकों को अपनाएं, रहेंगे एकदम सॉफ्ट

फटे होंठों का होना एक कॉमन समस्या है जो कि मौसम बदलने के बाद होती है। खासतौर पर विंटर सीजन में होंठ फटने की प्रॉब्लम काफी होती है। अगर इसे लेकर लापरवाही की जाए तो ये परेशानी मुश्किल भी पैदा कर सकती है। फटे हुए होंठ खूबसूरती को भी प्रभावित करते हैं और कई बार लोगों के बीच इसे लेकर शर्मिंदगी भी उठानी पड़ सकती है। होंठ फटने की समस्या को कुछ घरेलू उपायों की मदद से आसानी से दूर किया जा सकता है। घर में आसानी से मिलने वाली ये चीजें होंठों को सॉफ्ट और खूबसूरत रखने में मदद करती हैं। आइए जानते हैं फटे होंठों को ठीक करने के घरेलू नुस्खे।



### फटे होंठों के लिए घरेलू नुस्खे

**शहद का चमत्कार:** शहद में एंटी बैक्टीरियल और मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं। रोजाना सोने से पहले होंठों पर शहद लगाने से फटे होंठ ठीक हो जाते हैं।

**नारियल का तेल:** नारियल का तेल विटामिन ई से भरपूर होता है जो होंठों को पोषण देता है। रात को सोने से पहले होंठों पर नारियल का तेल लगाएं।

**एलोवेरा का जादू:** एलोवेरा में हीलिंग गुण होते हैं। एलोवेरा जेल को होंठों पर लगाने से फटे होंठ जल्दी ठीक हो जाते हैं।

**दूध की मलाई:** दूध की मलाई में लैक्टिक एसिड होता है जो होंठों को मुलायम बनाता है। रात को सोने से पहले होंठों पर दूध की मलाई लगाएं।

**गुलाब जल:** गुलाब जल में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं। रोजाना गुलाब जल से होंठों को धोएं और फिर कोई मॉइस्चराइजर लगाएं।

**खीरा:** खीरा में 90% पानी होता है जो होंठों को हाइड्रेट करता है। खीरे का टुकड़ा होंठों पर रगड़ने से फटे होंठों में आराम मिलता है।

लिप बाम का इस्तेमाल: अच्छी गुणवत्ता वाला लिप बाम हमेशा अपने साथ रखें और दिन में कई बार लगाते रहें।

कुछ अतिरिक्त टिप्स

**पानी पिएं:** पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और होंठ फटने की समस्या कम होती है।

**नमक वाले खाद्य पदार्थों से बचें:** नमक होंठों को सूखा सकता है, इसलिए नमकीन खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें।

**धूप से बचाव:** धूप में निकलने से पहले होंठों पर सनस्क्रीन लगाएं।

**जीभ से होंठ चाटना बंद करें:** जीभ से होंठ चाटने से लार सूख जाती है और होंठ फटने लगते हैं।

## न्यू ईयर पार्टी में ट्रेंडी आउटफिट्स मिलेगा वार्म और एलिगेंट लुक

फैशन



नया साल का आगाज आज से शुरू हो जाएगा लेकिन आपने अभी तक न्यू ईयर पार्टी के लिए ड्रेस फाइनल नहीं की है, तो इसे सेलेक्ट करते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहली बात तो यह है कि ड्रेस ऐसी सेलेक्ट करें, जिसमें आपको ठंड ना लगे और ड्रेस पार्टी के लिए सुटेबल और फैशनेबल भी लगे। इस ऑकेजन के लिए आप वेस्टर्न ड्रेसेस सेलेक्ट कर सकती हैं।

**वन पीस :** वेस्टर्न ड्रेसेस में वन पीस, आजकल यंग और मिड एज महिलाओं को ज्यादा पसंद आती हैं। अगर आप न्यूईयर पार्टी में इन्हें पहनना चाहती हैं तो ऐसी ड्रेस आपको वार्म फैब्रिक में भी मिल जाएंगी। आप चाहे शॉर्ट वन पीस पहनें या मीडी स्टाइल वन पीस, सभी आपको मॉडर्न लुक देती हैं। आपको कई स्टाइल की ड्रेस मिल जाएंगी लेकिन आजकल कोट नेक स्टाइल वाली वन पीस ड्रेसेस ज्यादा पसंद की जा रही हैं। इन वन पीस को ओवर ऑल लुक कोट का दिया जाता है। इनमें कॉलर भी कोट वाली होती है।

**कोर्ड सेट :** कोर्ड सेट तो आजकल काफी ट्रेंड में है। आप चाहें तो न्यूईयर पार्टी में एंब्रॉयडरी या फिर हैवी फैब्रिक में कोर्ड सेट कैरी कर सकती हैं। इससे ठंड से भी आप बची रहेंगी। एंब्रॉयडरी डिजाइन होने की वजह से यह ड्रेस आपको पार्टीवियर लुक भी देगा। इनमें प्लेन, सिंगल कलर से लेकर प्रिंटेड कई तरह के कोर्ड सेट मार्केट में उपलब्ध हैं। अगर आपको पार्टी में कुछ अलग हट कर दिखना है तो इसमें आप चेक प्रिंट वाला कोर्ड सेट ले सकती हैं। अगर आप चेक डिजाइन में रेड कलर कोर्ड सेट कैरी करेंगी तो बिल्कुल डिफरेंट नजर आएंगी।

**जींस विद टॉप-जैकेट :** पार्टीज के लिए जींस-टॉप एवरग्रीन रही है। इनमें आपको ढेरों वैरायटीज मार्केट में मिल जाएंगी। न्यू ईयर पार्टी के लिए जींस के साथ आप रेड कलर का टॉप पहनें। उसके ऊपर आप किसी भी कलर की जैकेट पहन सकती हैं। लेकिन अगर आपको जैकेट रेड कलर में पहननी है तो टॉप व्हाइट या फिर ब्लैक कलर में भी पहन सकती हैं। बस कंट्रास्ट जो भी पहने वह अच्छा लगना चाहिए। जींस में बेल बॉटम या फिर स्किनी, जो आपको पसंद है वो जींस पहन सकती हैं।

**स्कर्ट टॉप विद कोट :** अगर आप न्यूईयर पार्टी में डिफरेंट नजर आना चाहती हैं तो स्कर्ट टॉप के साथ कोट पहनें। स्कर्ट आप चाहे नी लेंथ पहनें या उससे नीचे तक की। उसके ऊपर टॉप कुछ स्टाइलिश होना चाहिए। यह भी ध्यान रखें कि टॉप रेड कलर का ही पहनें। आप चाहें तो टाइट डेनिम स्कर्ट भी पहन सकती हैं। डेनिम आपकी पर्सनालिटी को उभारता है। जब आप डेनिम स्कर्ट पहनें तो अपर में टॉप रेड कलर में पहनकर डेनिम जैकेट भी पहन सकती हैं। इससे आपको बेहद डिफरेंट लुक मिलेगा।

## आउटफिट के साथ इन बूट्स को करें ट्राई, पार्टी में लगा दें ग्लैमर का तड़का

नए साल में होने वाली पार्टियों का समय आज से शुरू हो जाएगा। कोई भी खुशी के क्षण नजदीक आते ही हम सभी अपने आउटफिट को लेकर खासा उत्साहित हो जाते हैं। अगर आप इस साल न्यू ईयर की पार्टी में कुछ अलग और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो बूट्स आपकी मदद कर सकते हैं। बूट्स लुक को ट्रेंडी बनाते हैं, वहीं यह आरामदायक भी होते हैं।

**हील्स वाले बूट्स :** हील्स बूट्स हर उस महिला के लिए परफेक्ट है, जो अपने लुक में एक ग्लैमरस टच चाहती हैं। ये बूट्स आपके आउटफिट को तुरंत बदल कर रख देंगे। हील्स बूट्स आपके कद को लंबा दिखाते हैं और आपके ओवरऑल लुक को स्मार्ट और स्टाइलिश बनाते हैं। इन्हें आप शॉर्ट ड्रेस, बॉडीकॉन ड्रेस या स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं और ब्लैक, रेड या मेटैलिक शेड्स का चुनाव कर सकती हैं।

**एंकल वाले बूट्स :** अगर आप कुछ सिंपल और क्लासी ट्राई करना चाहती हैं, तो एंकल बूट्स बेस्ट ऑप्शन हैं। ये बूट्स हर तरह के आउटफिट के साथ आसानी से मैच हो जाते हैं। एंकल बूट्स हल्के और पहनने में आरामदायक होते हैं। साथ ही, ये विंटर सीजन के लिए एक परफेक्ट चॉइस है।इन्हें आप जींस, ट्राउजर, या लॉन्ग कोट के साथ कैरी कर सकती हैं। न्यूड, ब्राउन, और वाइन कलर एंकल बूट्स पार्टी के लिए बढ़िया विकल्प है।



### लॉन्ग या वेलवेट बूट्स

लॉन्ग बूट्स और वेलवेट बूट्स फैशन लवर्स के लिए परफेक्ट हैं। ये बूट्स न केवल स्टाइलिश होते हैं, बल्कि ठंड के मौसम में गर्माहट भी देते हैं। ये बूट्स आपके लुक में एक बोल्ड और फैशनेबल लुक जोड़ते हैं। वेलवेट की सॉफ्ट फिनिश और लॉन्ग बूट्स की ग्रेस आपका लुक पूरा कर देती है।इन्हें आप शॉर्ट ड्रेस, लॉन्ग स्वेटर ड्रेस या ओवरसाइज जैकेट्स के साथ पेयर कर सकती हैं। ब्लैक, ग्रीन, और बर्गंडी लॉन्ग बूट्स पार्टी के लिए एकदम सही हैं।

## सर्दियों में रूखी त्वचा से निपटने के लिए इस्तेमाल करें कोको बटर

सर्दी के मौसम में त्वचा रूखी-बेजान हो जाती है और फटने लगती है। ऐसे में लोग तरह-तरह के उत्पाद इस्तेमाल करके उसे मॉइस्चराइज करने की कोशिश करते हैं। आप ठंड के दिनों में अपनी त्वचा की देखभाल करने और उसकी नमी लौटने के लिए कोको बटर इस्तेमाल कर सकते हैं। यह कोको बीन्स से निकलने वाली पीले रंग की वसा होती है, जिसे आप त्वचा पर लगा सकते हैं। आइए कोको बटर लगाने के फायदे जानते हैं।

**बुढ़ापे के लक्षण होते हैं कम :** शुष्क और अस्वस्थ त्वचा के कारण समय से पहले ही उम्र बढ़ने के लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों से छुटकारा पाने के लिए आप कोको बटर का प्रयोग कर सकते हैं। कोको में पाए जाने वाले एपिकैटेचिन जैसे फ्लेवोनोइड्स में एंटी-एजिंग प्रभाव



मौजूद होते हैं, जो झुर्रियों और झाइयों को दूर कर सकते हैं। इसमें अच्छी मात्रा में फैटी एसिड होता है, जो त्वचा को मुलायम बनाने में योगदान देता है।

**त्वचा होती है मॉइस्चराइज :** आप सर्दियों में रूखी हो चुकी त्वचा को फिर से नमी युक्त बनाने के लिए कोको बटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एक प्रकार का प्राकृतिक एमोलिएंट होता है, जो त्वचा को नरम और चिकना बनाता है। जब आप इसे अपनी त्वचा पर लगाएंगे, तो यह एक सुरक्षात्मक परत बना देगा, जो नमी को रोककर रखेगी। इससे त्वचा शुष्क नहीं होगी और उसके फटने की समस्या भी दूर हो जाएगी।

**सूर्य की यूवी किरणों से होती है सुरक्षा**
कोको बटर में कुछ प्राकृतिक यौगिक पाए जाते हैं, जो त्वचा को सूरज की हानिकारक अल्ट्रा वॉयलेंट किरणों से बचा सकते हैं। यह उत्पाद त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देता है, जिसके कारण यूवी किरणें त्वचा में प्रवेश नहीं कर पाती हैं। हालांकि, आपको पूरी तरह से सुरक्षित रहने के लिए कोको बटर के साथ-साथ अच्छी गुणवत्ता वाली सनस्क्रीन भी इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दियों में त्वचा पर होने वाली खुजली मिटाने के घरेलू नुस्खे जानिए।

**त्वचा की सूजन से मिलता है छुटकारा**
सर्दी के मौसम में कई लोगों की त्वचा में सूजन आ जाती है और उन्हें दर्द का भी अनुभव होता है। अगर, आप भी इस समस्या से पीड़ति हैं तो आप कोको बटर लगा सकते हैं। इस उत्पाद में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा पर आई सूजन को कम कर सकते हैं और आराम दिला सकते हैं।

कार्नर न्यूज

**सही आकार का स्वेटर न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपके लुक को भी बनाता है आकर्षक**

## सर्दियों में स्वेटर खरीदने के स्मार्ट टिप्स, पैसे भी बचेंगे और समय भी नहीं होगा बर्बाद

*सर्दियों का मौसम आते ही स्वेटर खरीदने का ख्याल हर किसी के दिमाग में आता है लेकिन अगर आप स्मार्ट तरीके से खरीदारी करें, तो आपको अपनी पसंद का स्वेटर मिलेगा, इसके अलावा समय और पैसे दोनों की बचत भी होगी। यहां सर्दियों में स्वेटर खरीदते समय ध्यान देने योग्य खास टिप्स दिए गए हैं जिन्हें आप आसानी से फॉलो कर सकते हैं।*



### आकार पर दें खास ध्यान

स्वेटर खरीदने से पहले उसका सही आकार जरूर जांच लें। अगर स्वेटर बहुत ढीला या बहुत टाइट होगा तो पहनने में असुविधा होगी। सही आकार का स्वेटर न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपके लुक को भी आकर्षक बनाता है।

### फिटिंग है जरूरी

आकार के साथ फिटिंग भी बेहद अहम है। स्वेटर खरीदते समय यह देख लें कि वह आपके शरीर पर अच्छी तरह फिट हो रहा है या नहीं। बहुत ज्यादा ढीला स्वेटर बेडौल दिख सकता है और टाइट फिटिंग वाले स्वेटर से आप असहज महसूस कर सकते हैं।

### स्टाइल का रखें ध्यान

आजकल बाजार में स्वेटर कई अलग-अलग स्टाइल्स में उपलब्ध हैं। कार्डिगन, पुलओवर, हाई नेक और वी-नेक जैसे विकल्पों में से अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार स्टाइल चुनें। ऐसा स्टाइल चुनें जो आपकी पर्सनैलिटी को निखारे और आपको ट्रेंडी लुक दे।



### स्वेटर की गर्माहट पर दें ध्यान

स्वेटर खरीदने का मुख्य उद्देश्य ठंड से बचाव है, इसलिए इसकी गर्माहट का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। ऊन, कश्मीरी या मिक्स वूल जैसे अच्छे और टिकाऊ फैब्रिक से बने स्वेटर खरीदें।

### धोने और देखभाल की जानकारी जरूर लें

स्वेटर खरीदते समय उसकी देखभाल और धोने के तरीके के बारे में जरूर पूछें। कुछ स्वेटर केवल ड्राई क्लीन के लिए होते हैं, जबकि कुछ को आप मशीन में धो सकते हैं। सही जानकारी लेने से आपका स्वेटर लंबे समय तक नया जैसा बना रहेगा।